संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -330 मंगलवार ,01 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### चुनाव से पहले कांग्रेस ने 10 नेताओं को दिखाया पार्टी से बाहर का रास्ता




**चंडीगढ़,30 सितंबर 2024(ए)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही बागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। भाजपा ने हाल ही में अपने आठ नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया था, वहीं अब कांग्रेस ने भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर 10 नेताओं को 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

#### कौन-कौन से नेता हुए निष्कासित ?

कांग्रेस की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में जिन नेताओं को निष्कासित किया गया है, उनमें चित्रा सरावरा, सतविंदर राणा, कपूर सिंह नरवाल, सोमवीर घसोला, मनोज कोसलिया, अजीत शारदा राठौर, ललित नागर और सतवीर भाना शामिल हैं। इस कदम से पहले भी कांग्रेस ने कई बागी नेताओं को पार्टी से बाहर निकाला था।

### महाराष्ट्र सरकार ने गाय को दिया गया राज्य माता का दर्जा



**मुंबई,30 सितंबर 2024(ए)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनीव से पहले एक बड़ा फैसला लिया गया है। जहां शिंदे सरकार ने गाय को राज्य माता' का दर्जा दिया है। सरकार का कहना है कि भारत की संस्कृति और हिंदुत्व में गाय की बड़ी महिमा है। इसलिए गाय का संरक्षण किया जाएगा। इसलिए उसे राज्य माता का दर्जा दिया जा रहा है।इसका ऐलान करते हुए डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, देसी गायें हमारे किसानों के लिए वरदान हैं। इसलिए हमने उन्हें राज्य माता का दर्जा देने का फैसला लिया है।

# छत्तीसगढ़ को मिली 908 करोड़ रूपयों की सौगात

## गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की...



**नई दिल्ली,30 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की सड़कों का जाल और मजबूत होने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। श्री गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। बैठक में परियोजनाओं के विलम्ब के कारणों व रुकावटों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े अड़चनों को दूर करने व परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया गया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने समस्त प्रगतिरत एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है। वहीं, केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी। एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में रायपुर शहर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर व विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग एवं रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने की सहमति दी गई। इसके अलावा सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है।

### छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी बधाई



नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

नितिन गडकरी के साथ छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक हुई। रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच पहले फेज़ का कार्य रिकॉर्ड 4 महीने में पूरा हुआ, इसके लिए गडकरी जी ने छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को बधाई दी है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा-हमारी सरकार सभी परियोजनाओं को समय पर और बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु

**रुपये 908 करोड़ के 8 कार्यों की स्वीकृति**

केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) योजना के तहत आठ परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा।

**समस्त प्रगतिरत और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए समय-सीमा में पूर्णता के निर्देश**

सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छत्तीसगढ़ की सड़कों और राजमार्गों का विकास तेजी से हो सके।

**एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापटनम और बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग**

इन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए गए हैं, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

**रायपुर शहर में ग्रेड सेपरेटर निर्माण**

रायपुर शहर के टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच सरोना, उद्योग भवन और तेलीबांधा में ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की भी मंजूरी मिली है, जिससे शहर में यातायात की भीड़ कम होगी।

**विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) और रायपुर-धमतरी मार्ग पर ग्रेड सेपरेटर**

इन दोनों स्थानों पर भी ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की सहमति दी गई है, जिससे यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को सुविधा होगी।



# सुप्रीम कोर्ट ने दी सख्त चेतावनी,भगवान को राजनीति से दूर रखें

**नई दिल्ली,30 सितम्बर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तिरुपति लड्डू विवाद से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान कहा कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने इस मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के वकील से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे।सुप्रीम कोर्ट ने लैब रिपोर्ट के आधार पर कहा कि जिस घी की जांच की गई थी, वह रिजेक्ट किया गया घी था। कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से यह भी पूछा कि एसआईटी जांच का आदेश देने के बाद प्रेस में जाने की क्या आवश्यकता थी? न्यायालय ने स्पष्ट किया कि एसआईटी जांच के नतीजे आने तक, प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक याचिका का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कोर्ट में कहा कि वे एक भक्त के रूप में यहां आए हैं और प्रसाद में मिलावट के बारे में प्रेस में दिए गए बयान के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। वकील ने कहा कि इससे कई अन्य मुद्दे उठ सकते हैं और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ सकता है। ये चिंता का विषय हैं। अगर भगवान के प्रसाद पर कोई सवालिया निशान है तो इसकी जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह उचित होगा कि सॉलिसिटर जनरल हमें यह तय करने में सहायता करें।



## संपादकीय

# वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा

पर्यावरणविदों के मुताबिक 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वन वृद्धि मुख्य रूप से वन' की परिभाषा बदलने के कारण हासिल हुई है।नेशनल ग्रीन ट्रब्यूनल (एनजीटी) जांच कर रहा है कि क्या सरकारी दावों के विपरीत भारत में प्राकृतिक जंगल तेजी से घट रहे हैं। सरकार ने यह कहानी दुनिया भर में फैलाई है कि पिछले दो दशकों में भारत के हरित क्षेत्र में भारी वृद्धि हुई है। एनजीटी में मई में दर्ज एक मामले में कहा गया कि सरकार का ये दावा गलत है। मुकदमे में कहा गया है कि पिछले 24 साल में भारत ने 23,000 वर्ग किलोमीटर पेड़ों का आवरण खो दिया है। इस आंकड़े का स्रोत ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच गया है, जो एक स्वतंत्र संगठन है और उपग्रह से ली गई तस्वीरों से विश्व भर के जंगलों समय में आंकड़े प्रकाशित करता है। हाल की तस्वीरों से पता चला कि 2013 से 2023 के बीच भारत में 95 फीसदी पेड़ों का नुकसान प्राकृतिक जंगलों में हुआ है। जबकि सरकारी आंकड़ों में दिखाया गया है कि 1999 से भारत का वन क्षेत्र बढ़ा है। सरकार की पिछली रिपोर्ट के अनुसार 2019 से 2021 के बीच वन और वृक्ष आवरण में 2,261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई।सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले पर्यावरणविदों का कहना है कि आंकड़ों में यह अंतर्विरोध इसलिए है, क्योंकि 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वृद्धि मुख्य रूप से वन' की परिभाषा बदलने के कारण है। नई परिभाषा में वनों के बाहर के हरे क्षेत्रों को भी शामिल कर लिया गया है। इस मामले में भारत की साख दांव पर है। भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य घोषित करते हुए अपने वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा किया है। अगर एनजीटी में पर्यावरणवादी अपने केस को पुष्ट करने में सफल हो जाते हैं, तो भारत के इस दावे पर गंभीर सवाल उठ खड़े होंगे कि 2070 का लक्ष्य पाने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की कुछ ऐसी कहानियां पहले भी तथ्यों की रोशनी में संदिग्ध हो चुकी हैं। क्या इस मामले में भी ऐसा ही होगा?

# संस्कार,आधुनिक शिक्षा और विज्ञान से देश में सर्वांगीण विकास



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

देश को भारतवर्ष आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि,भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। हमें अपनी वैदिक सनातनी परंपराओं शिक्षा के विराट स्वरूप एवं संस्कृति पर सदैव गर्व होना चाहिए। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। अब देश में आधुनिक शिक्षा के साथ विज्ञान की जुगलबंदी की देश को विकास के मुख्य द्वार की ओर अग्रसर कर सकती है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है। भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है। वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है। यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है। जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है। शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है। शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है।

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं। शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है। वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है। पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है। शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है।

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई-नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है। राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है। भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भ्रष्टाचार से पीड़ित देशवासी

एक जमाना था,जब राजनीति को सही अर्थों में जनसेवा का सशक्त माध्यम माना जाता था, किंत अब यही माध्यम भ्रष्टाचार का सशक्त माध्यम बन गया है और आज के सत्ताधीश इस सामाजिक कोढ को मिटानें के नही,बल्कि इसके विस्तार के माध्यम बने हुए है, सवाल अब सिर्फ भ्रष्टाचार को सिर्फ आगे बढ़ानें का नही बल्कि उसे कानूनी रूप से रोकने या खत्म करने की शपथ वाली एजेंसियां भी इस कोढ के विस्तार का माध्यम बना दी गई है, आज की राजननीति नें सीबीआई, सीआईडी जैसी सरकारी जोंच ऐजेंसियों को अपने तुच्छ इरादों और मकसदों का माध्यम बना रखा है और इन तथाकथित स्वतंत्र जांच एजेंसियों पर कब्जा कर इन्हें इनके कार्य व दायित्व को ईमानदारी से निभानें में अवरोध पैदा करना शुरू कर दिया हैद्धइन्हें स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व निर्वहन की अनुमति ही नही दी जा रही है, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट है, जिसमें खुलासा किया गया है कि केन्द्रीय अन्वेष्ण ब्यूरो (सीबीआई) गंभीर भग्रष्टाचार सें सम्बन्धित 212 मामलों की जांच करके दोषियों को दण्डित करना चाहती है, लेकिन चूंकि इस जांच के लिए केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों की मंजूरी कानूनी तौर पर जरूरी है और केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों में विराजित आरोपित अधिकारी व नेता जांच करवाना नही चाहतें, इसलिए सीबीआई इनकी जॉच नही कर पा रही है, सीबीआई के पास ऐसी जॉच की अनुमति के प्रकरण पिछले वर्षो से लम्बित है और सम्बन्धित भ्रष्ट अधिकारी व नेता यह जॉच होनें नही देना चाहते?अब यहां सवाल यह है कि जिनकी जॉच होना है, वे ही भला जॉच की अनुमति कैसे देगें? यह अनुमति का प्रावधान रखा ही क्यों गया? जब सीबीआई, सीआईडी कों स्वतंत्र जॉच एजेंसी का दर्जा दिया ग्रया है तो फिर उनकी स्वतंत्रता' क्यों छीन ली गई? आज इसी बात को लेकर केंद्रीय सतर्कता जॉच आयोग (सीबीआई) कॉफी परेशान है, फिर सवाल यह भी है कि सीबीसी (सतर्कता आयोग) जब कानूनी रूप से स्वतंत्र है तो सलाहो को केन्द्र व राज्य सरकारें मानती क्यों नही है?




**-ओमप्रकाश मेहता-**

# एक देश-एक चुनाव

15 अगस्त को लाल किले से अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि देश में विधानसभाओं, लोकसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ होने चाहिए । इससे समय और पैसे की बचत होगी । बात तो बिल्कुल ठीक लगती है परन्तु अनेक विपक्षी पार्टियां इस का विरोध कर रही हैं । असल में चुनाव के दौरान आचार संहिता लग जाती है जिस कारण केन्द्र और सम्बन्धित राज्यों के विकास काम रुक जाते हैं । सरकारी कोई लाभकारी नीति की घोषणा नहीं कर सकती । इस कारण गरीब पक्ष को लाभ नहीं मिलता । फिर चुनाव कराने में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं । उसकी भी बचत होगी ।असल में सन् 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुये थे । बाद में विधानसभाएं भंग होने के कारण या राज्यपाल शासन लग जाने से यह व्यवस्था बिगड़ गई । यूं लोकसभा के चुनाव भी कई बार पांच साल में दो या तीन बार कराने पड़े थे ?। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एक साल में गिर गई तो फिर चुनाव कराने पड़े । 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी ने जल्दी इस्तीफा दे दिया तो पांच साल से पहले चुनाव करवाने पड़े । पैसे के अलावा संसाधनों का बेहतर प्रयोग होगा यदि राज्य और केन्द्र के चुनाव एक साथ हों । असल में इस समय देश में अट्ठाईस राज्य और आठ केन्द्र शासित प्रदेश हैं । केवल दो केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनी हुई सरकारें हैं:-दिल्ली और पांडिचेरी । इस प्रकार कुल 30 विधानसभाएं हैं । इसमें 15 राज्यों में भाजपा की सरकार है । गठबन्धन का मुख्यमंत्री है । शेष 13 राज्यों में भाजपाई मुख्यमंत्री हैं । इसमें भी कुछ राज्यों में भाजपा अपनी भागीदारी मानती है । असल में 1967 तक बहुत सी रीजनल पार्टियां हारी नहीं थी । आज स्थिति यह है कि अनेक राज्यों में उनकी अपनी रीजनल पार्टी का वर्चस्व है जैसे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, तमिलनाडु में डी.एम.के. । उड़ीसा में बीजू जनता दल । यद्यपि इस बार वह हार गया । उत्तर पूर्व के राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियां हैं । आन्ध्रप्रदेश में तेलुगू देशम्, दिल्ली में आम आदमी पार्टी । अभी देखा यह गया है कि वोटर केन्द्र के लिए भाजपा को चुनता है, परन्तु राज्य में स्थानीय पार्टी को चुनता है । एक साथ चुनाव होने पर रीजनल पार्टी का प्रभाव कम हो जायेगा, यह आप विपक्षी दल लगाते हैं । यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम नहीं करता । पिछली बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ हुए थे । इस बार हरियाणा चुनाव के साथ महाराष्ट्र के चुनाव नहीं हो रहे हैं यद्यपि हरियाणा की तुलना में महाराष्ट्र की विधानसभा का कर्यकाल 20 दिन बाद समाप्त हो रहा है । असल में महाराष्ट्र में इस बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनायेगी तो शिंदे का क्या होगा? इतने दिन तक बहुत सफल मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने रहे । क्या अगले मंत्रिमंडल में शिंदे उपमुख्यमंत्री बनना चाहेंगे । असल में अजीत पवार ने दोनों दरवाजे खोल रखे हैं । वे फिर शरद पवार से मिल सकते हैं । उन्होंने सार्वजनिक वक्तव्य दिया है कि अपनी पत्नी को अपनी बहन के खिलाफ लड़ाकर उन्होंने गलती की है । परन्तु शिंदे अब फिर से पुरानी शिवसेना में नहीं जा सकते । और अपने अकेले दम पर वे इतने विधायक नहीं चुन सकते कि बिना भाजपा की मदद के वे मुख्यमंत्री बनें । यही दुविधा भाजपा के सामने हैं । सीटों के बंटवारे के बाद भाजपा अकेले बहुमत नहीं ला सकती । विपक्षी दलों का कहना है कि चुनाव आयोग झारखण्ड, महाराष्ट्र, हरियाणा, और कश्मीर में जब एकसाथ चुनाव नहीं करा सकता तो पूरे देश में एक साथ चुनाव करायेगा । पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कई विदेशों का उल्लेख किया है कि वहां सभी निकायों के चुनाव एक साथ होते हैं । परन्तु इसमें कुछ देश भारत के एक जिले के बराबर हैं । फिर वहां वोटरों में जागरूकता भी ज्यादा है । भारत में आजकल राजनीति गाली गलौज पर आ गई है । अभी आम आदमी पार्टी ने आतिशी को अगला मुख्यमंत्री चुना । इस बार भाजपा के प्रवक्ता तरह-तरह की बातें कर रहे हैं । यहां तक की आम-आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भी मुखर हो गई हैं । असल में अपनी पार्टी के खिलाफ बोलने से पहले उन्हें राज्यसभा से त्यागपत्र देना चाहिये । परन्तु भारतीय राजनीति में मारल कहां है? पिछले दो चुनाव में दिल्ली की विधानसभा में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई और भाजपा एक बार तीन सीटें और दूसरी बार सात सीटें जीती हैं । पश्चिम बंगाल में भाजपा कुछ भी नहीं कर पाई है । असल में पैसा और समय बचाना उद्देश्य है तो उद्घाटन समारोह बंद हों । स्वयं सरकार ने स्वीकारा है कि महाराष्ट्र में शिवाजी की मूर्ति के उद्घाटन में एक करोड रुपये खर्च हुए । जब प्रधानमंत्री रेल को हरी झंडी दिखलाते हैं तो लाल कारपेट बिछता है । फिर सांसद और विधायक को किस बात की पेंशन? क्या यह नौकरी है । असल पुष्पहार, सजावट, मंच निर्माण, मंत्रियों के दोरों आदि में करोड रुपये खर्च होते हैं । आखिर कितने दिन संसद और विधानसभाएं चलती हैं? असल में भारत में यह संसदीय प्रणाली ही ठीक नहीं है । गांधी जी ने ब्रिटिश पार्लियामेंट को बेसवा कहा था । इसका हिन्दी अर्थ डिक्शनरी में देख लें ।

**-अजय दीक्षित-**

# बैठे-बिठाए भाजपा को मिल रहा है ऑक्सीजन

ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं तो वे जा कर कोपभवन में बैठ गईं। कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया।कांग्रेस में क्षत्रप कब पैदा होते हैं? तब जब हाईकमान कमजोर होता है। और क्षत्रपों के ताकतवर होने से क्या होता है? कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारने लगती है। नेता का अच्छा होना, सरकार से नहीं डरना, आम लोगों से खूब घुलना मिलना अलग बातें हैं। ताजी हवा का झोंका भी है मगर अपनी पार्टी के लोगों से अपनी बात नहीं मनवा पाना, उनके छोटे-छोटे दबावों के सामने झुक जाना अच्छे नेतृत्व की निशानी नहीं है।भारत में नेता घोड़े वाला ही चलता है। नकेल डाले हुए अपने को दमदार दिखाता हुआ। हमारे यहां दुल्हे भी इसीलिए घोड़े पर बिठाकर, तलवार बांध कर, साफा पहने हुए पीछे बारात के साथ ही शोभायमान माने जाते हैं। दुल्हे में दम हो या ना हो मगर हाथ तलवार की मूठ पर ही रहता है। तलवार, घोड़ा और साफा शक्ति के प्रतीक माने जाते है।इसलिए नेता को भी शक्तिशाली दिखना पड़ता है। नरेंद्र मोदी क्यों कहते हैं कि 56 इंच की छाती! और राहुल को क्यों जवाब देना पड़ता है कि अब नहीं रही?प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व प्रदर्शन और नेता विपक्ष राहुल गांधी के इसी को तोडने की कोशिश में ही राजनीति का सारा खेल है। ममता बनर्जी क्यों रणचंडी बनी रहती हैं? लालू यादव क्यों अपनी खराब सेहत के बावजूद बीच-बीच में आकर गरजते हैं? उद्धव ठाकरे जिनकी छवि एक सज्जन और विनयशील नेता की थी क्यों अब मोदी और अमित शाह को उन्हीं की भाषा में चैलेंज करते हैं ? और यूपी में अखिलेश यादव कोक्यों अचानक बदले हुए रूप में सामने आना पड़ा। केवल और केवल जनता के सामने और उससे पहले अपनी पार्टी के बीच में दबंग दिखने के लिए। दबंग आज के समय में खराब अर्थो में प्रयोग होने लगा हो मगर कभी तो न दबने वाले विद्रोहियों के लिए जो गलत लोगो के सामने खड़े होते थे उनके लिए प्रयुक्त होता था, बांके ! आज तो प्रचलन में नहीं रहा।मगर कभी दबंग के बदले बांके प्रयुक्त होता था। भगवतीचरण वर्मा की मशहूर कहानी दो बांके! इस पर बहुत फिल्में विल्में भी बनी हैं। गजब कहानी है। पढ़ कर देखिएगा। अब यह लिखने की तो जरूरत नहीं कि भगवतीचरण वर्मा बहुत बड़े लेखक थे।वैसे आजकल हालत यही हो गई है कि लोगों का पढने लिखने से नाता खतम करवा दिया गया है। सत्ता पक्ष में किसी का नाता साहित्य से नहीं है। जिस दिन सुषमा स्वराज ने वाजपेयी के मंत्री के रूप में राज्यसभा में सीपीआईएम की सदस्य सरला माहेश्वरी के प्रेमचंद को कोर्स से क्यों हटाया, के सवाल के जवाब में यह कहा था कि क्या प्रेमचंद, प्रेमचंद करते रहे हैं तो हम समझ गए थे कि यह साहित्य को भी नहीं बचने देंगे।प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कुछ नहीं बोला। और हमें याद आ गया कि एक ऐसी प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने महादेवी वर्मा क्या लिखती हैं, बोलने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाडि़या को हटा दिया था। जी हां इन्दिरा गांधी ने 1981 में। तो कांग्रेस के नेता ऐसे होते थे। शक्तिशाली। आज तो कांग्रेसी राहुल के खिलाफ ही पता नहीं क्या बोल जाते हैं साजिश करते हैं मगर उनसे पूछने वाला भी कोई नहीं होता।पार्टी इसीलिए कमजोर हुई है। ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं। हुड्डा के लोगों को ज्यादा मिले हैं। वे जाकर कोप भवन में बैठ गईं। जिस समय जनता के बीच में जाकर उनकी बात सुनना थी कि वे भाजपा सरकार से नाराज क्यों हैं उस समय वे टीवी स्टूडियो जा जाकर यह बताने लगीं कि वे कांग्रेस से नाराज क्यों हैं।पहले तो कहा गया कि हुड्डा समर्थकों ने उनके खिलाफ अपशब्द बोले। कौन हैं वह लोग? एक वीडियो सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा है। जिसमें दो लोग एक कैमरे वाले के सामने कुछ बोल रहे हैं। उनका क्या नाम है? कांग्रेस में क्या स्थिति है? कुछ पता नहीं चल रहा। बस यह कहा जा रहा है कि हुड्डा समर्थक हैं।इसी बात पर पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने उन्हें भाजपा में आने का निमंत्रण दे दिया। मायावती द्वारा अपना उत्तराधिकारी घोषित अनिल आनंद ने इसे दलितों का अपमान बताकर उन्हें बसपा में आने का न्योता दे दिया।मतलब पूरे हरियाणा में कोहराम मचा दिया गया।कौआ कान ले गया क्व क्व क्व कान ले गया का शोर हो गया। हुड्डा को भी अपनी सफाई देना पड़ी कि हमारे किसी समर्थक ने ऐसा नहीं किया है। और अगर कुछ पता चलेगा तो कार्रवाई होगी। अब वह कौन थे क्या थे किसी को पाता नहीं चला। चुनाव के टाइम में कौन क्या बोलता है किसी को मालूम नहीं पड़ता। कौन किस का समर्थक बन जाता है यह भी नहीं। तो यह मुद्दा नहीं चला। तो सैलजा और सुरजेवाला मुख्यमंत्री का मुद्दा ले आए।यहीं कांग्रेस हाईकमान को पूछना था कि भाईसाहब, बहन जी क्या पूरा कब्र में ही उतार कर मानोगे? मगर उल्टा कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया।प्रसंगवश बिना हंसे मुस्कराए फोटो मनमोहन सिंह के भी आते थे। मगर वह भावहीन चेहरा होता था। खरगे जी का फेस मोदीजी जैसा आता है। चेहरे पर बेजारी के भाव। मनमोहन मिल कर कितने खुश हैं इसको भारीपन से छुपा पाते थे। यह दोनों मिलते हुए कितने उदासीन हैं। कष्ट में हैं यह इनका चेहरा बताता है।खैर किसी से भी मिलकर खुशी का इजहार अच्छी बात है। मगर बीच चुनाव में अनुशासनहीनता को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी शायद ही इस समय कंगना रनौत से मिलें। और मिले भी तो डांट लगाएंगे। कि इस चुनाव के समय किसान बिल वापस लाने की बात कहने की क्या जरूरत थी?कंगना ने बीजेपी का नुकसान किया। मगर उसी लाइन पर जहां पहले से हो रहा है। किसान के मुद्दे पर हरियाणा का पूरा चुनाव आ गया है। उसमें जितना नुकसान होना था सब हो गया। अब उससे ज्यादा नहीं हो सकता। मगर सैलजा ने जो कांग्रेस का नुकसान किया है वह बिल्कुल नए क्षेत्र में। दलितों के बीच। जो हरियाणा में कांग्रेस के साथ थे। उनके मन में शक के बीज डाल दिए।दलितों का इसी तरह मायावती उपयोग करती हैं। दलित की बेटी का अपमान। दलितों के लिए कुछ ठोस करने के बदले, मोदी सरकार ने सरकारी नौकरियों में भर्ती बंद करके उनका आरक्षण का लाभ खतम कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कोटे में कोटा का फैसला देकर एक नई स्थिति को जन्म दे दिया। जिस पर बात करने के लिए आज तक मोदी सरकार ने सर्वदलीय बैठक तक नहीं बुलाई। न ही किसी पक्ष की शंकाओं का समाधान किया।लेकिन इन सब पर बात करने के बदले वे दलित भावनाओं का राहुल गांधी के खिलाफ भड़काने में लगी रहती हैं। वैसे ही इस समय सैलजा द्वारा नाराज होने फिर बड़े अहसान के साथ गुरुवार 26 सितंबर से चुनाव प्रचार करने के लिए तैयार होने के पूरे एपिसोड ने भी बेवजह दलितों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए।यह कांग्रेस हाईकमान को सोचना है कि इससे उसकी संभावनाओं पर क्या असर पड़ा। गुटबाजी ने कांग्रेस को हरियाणा में पिछला विधानसभा चुनाव भी हरवाया। और राजस्थान भी इसी गुटबाजी के वजह से गया।राहुल कहते हैं कि मोदी मुझसे डरते हैं। लेकिन अगर कांग्रेस के क्षत्रप काबू में नहीं हैं तो उस प्रभाव का उतना फायदा नहीं मिलेगा जितना मिल सकता है। कांग्रेस की ताकत क्षत्रप नहीं कार्यकर्ता और जनता है। राहुल को समझना होगा।




**-शकील अख्तर-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चलो धरा को स्वच्छ बनाएंगे



घटती-घटना
अशोक पटेल
शिवरीनारायण (छत्तीसगढ़)

चलो इस धरा को स्वच्छ बनाएंगे
इस धरा को फूलों से ही सजाएंगे।
चलो धरा में हम पेंड-पौधे लगाएं
इसको सुंदर हम हरा-भरा बनायें।
चलो इस धरा को सुंदर बनाएंगे
इसको स्वच्छ और प्यारा बनाएंगे।
इस धरा को जब स्वच्छ बनाएंगे
इस जीवन को हम स्वस्थ बनाएंगे।
चलो जन-जन को यह बताएंगे
प्रदूषण मुक्त हम भारत बनाएंगे।
चलो धरती में खुशहाली लाएंगे
इसको हरे-भरे पेंड़ों से सजायेंगे।
यह धरा जब हरे-भरे हो जाएंगे
पेड़ों में पंछियां गीत गुन-गुनाएंगे।
जब पूर्वा आएगी ये पेड़ भी झूमेंगे
और कंण-कंण झंकृत हो जाएंगे।
चलो आज हम सब शपथ खाएंगे
भारत को सुंदर व स्वच्छ बनाएंगे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# शुकर में पाए जाने वाले पीआरआरएस बीमारी के वैक्सीन का हुआ ट्रायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पशु पालन विभाग के शूकर फार्म में बीआरआरएस बीमारी जो की वायरस के कारण होती है उसके वैक्सीन का ट्रायल चल रहा है। 9 सितंबर को नेशनल इंस्टिट्यूट एनिमल डिजीस लैब भोपाल की टीम ने वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया था और साथ में ब्लड को कलेक्ट कर जांच के लिए भोपाल ले गए थे।

आज पुन~ भोपाल की टीम उन सीकरी पआर बूस्टर टीका लगाने के लिए अंबिकापुर आये हैं जो 2 दिनों में पीआरआरएस का बूस्टर टीका लगा कर और ब्लड को पुन~ कलेक्ट कर भोपाल ले जाएंगे। शूकर फार्म अंबिकापुर में 51 सीकरो पर इस वैक्सीन का ट्रायल चल रहा है। नेशनल इंस्टिट्यूट एनिमल डिजीस लैब भोपाल से डॉ. वेंकटेश और डॉ. सेंथिल बूस्टर का टीकाकरण करेंगे।

शूकरों (सुअर) में होने वाली गंभीर संक्रामक बीमारी %पोर्सिन रीप्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम% (पीआरआरएस)से बचाव के लिए वैक्सीन तैयार की गई है। इसका ट्रायल सरगुजा जिले के शासकीय शूकर पालन केंद्र सकालो के अलग-अलग आयु के 50 शूकरों में किया जा रहा है। इस






बीमारी को ब्लू इयर के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल में वैक्सीन तैयार किया गया है। संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. राजू कुमार व डॉ फतह सिंह द्वारा वैक्सीन का ट्रायल किया जा रहा है। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है। अभी तक शूकरों में स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं आई है। 21 दिन बाद शूकरों को बूस्टर डोज लगाया जाएगा। देश के एक या दो अन्य केंद्रों के शूकरों में भी वैक्सीन का ट्रायल करने के बाद इसे उपयोग के लिए लाया जाएगा।

### देश में तेजी से फैल रही बीमारी

शूकरों की इस बीमारी को सबसे पहले 1987 में अमेरिका में देखा गया था। उसके बाद 1991 में नीदरलैंड में वायरस की पहचान हुई। यूरोपीय और अमेरिकी देशों के बाद यह बीमारी अब भारत में भी पहुंच चुकी है। यह बीमारी शूकर पालकों को बड़ा आर्थिक चोट पहुंचाती है। इसी कारण भारत देश में इसका वैक्सीन तैयार किया गया है।

*शूकर फार्म अंबिकापुर में बीआरआरएस बीमारी का ट्रायल चल रहा है। एसओपी का पालन करते हुए सहयोग किया जा रहा है।*

**डॉ. सीके मिश्रा,**
**प्रभारी शासकीय सूकर फ़ार्म अंबिकापुर**

# ग्राउंड सफाई नहीं करने पर प्रोफेसर छात्रों को दे रहे गाली,वीडियो वायरल



## पीजी कॉलेज के प्रोफेसर द्वारा गाली गलौज करने से छात्रों में आक्रोश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पीजी कॉलेज के प्रोफेसर का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें पीजी कॉलेज के प्रोफेसर अपनी मर्यादा को तार-तार करते दिखाई दे रहे है। वीडिया में छात्रों के साथ गाली गलौज करते दिखई दे रहे हैं। इसे लेकर छात्रों के बीच आक्रोश है। छात्रों ने मामले की शिकायत गांधीनगर थाना में भी की है।

पीजी कॉलेज में दो दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट चल रहा है। जिसके लिए प्रोफेसर ने रविवार को छात्रों को ग्राउंड की साफ-सफाई करने के लिए बुलाया था। छात्रों के ग्राउंड लेट पहुंचने के कारण प्रोफेसर संदीप लकड़ा का बीपी हाई हो गया। जिसके बाद छात्रों के साथ जमकर गाली-गलौज करने लगे। प्रोफेसर के गाली गलौज के बाद से छात्र काफी आक्रोशित हैं और गाली गलौज करने वाले प्रोफेसर पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ छात्रों को गाली-गलौज करने वाले प्रोफेसर मामले में अलग ही सफाई दे रहे हैं। छात्र नेता का कहना है कि कॉलेज शिक्षा का मंदिर है, कॉलेज में प्रोफेसर छात्रों को अच्छे संस्कार देते है लेकिन प्रोफेसर संदीप लकड़ा का अभद्र व्यवहार अशोभनीय है। कार्रवाई होनी चाहिए।

# मोबाइल दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, दो स्थान से बाइक भी किया था पार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

दरिमा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आररोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर मोबाइल दुकान सहित दो अलग-अलग स्थान से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पंकज गुप्ता निवासी ग्राम पर्री थाना दरिमा का रहने वाला है। इसका सलका पतराटोली में मोबाइल दुकान है। वह प्रति दिन की भांति 27 अगस्त की शाम को दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के काउंटर में रखे 15 हजार रुपए नकदी सहित प्रिंटर मशीन,जीयो फोन, 5 नग चाईना फोन की पेड फोन 3 नग, ब्लूटूथ स्पीकर 5 नग, ब्लूटूथ हेडफोन 2 नग नहीं था। वह मामले की रिपोर्ट दरिमा थाना में दर्ज कराई थी और चोरी की आशांका सर्वजीत राजवाड़े पर की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने सर्वजीत उर्फ बाडुल राजवाड़े उम्र 18 वर्ष निवासी चिलबिल थाना लखनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी के साथ मिलकर मोबाइल दुकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### आर्केस्टा देखकर लौटने के क्रम में की थी चोरी

आरोपी सर्वजीत ने पुलिस को बताया कि घटना दिवस अपने साथी के साथ सलका पतराटोली आर्केस्ट्रा देखने गया था। रात को वापस लौटने के दौरान दोनों मोबाइल दुकान में चोरी की थी। वहीं 28 अगस्त को सलका पतराटोली निवसी राजकुमार कंवर की बइक उसके घर के बाहर से चोरी करने इसके अलावा अंबिकापुर घड़ी चौक के पास से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी सर्वजीत के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



## नाबालिग लडक़ी को भगाकर किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

39 दिन से लापता नाबालिग लडक़ी को पुलिस ने आईटीआई सिंधी कॉलोनी रायगढ़ से बरामद किया है। खरसिया जिला रायगढ़ निवासी एक युवक ने नाबालिग को भगकर ले गया था और उससे शादी करने का झांसा देकर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

24 अगस्त को पीड़िता के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरी नाबालिग लडक़ी 21 अगस्त की देर रात से लापाता है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने नाबालिग लडक़ी को आईटीआई सिंधी कॉलोनी रायगढ़ से बरामद किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ग्राम पिउर खडिय़ापारा थाना खरसिया जिला रायगढ़ हाल मुकाम भुईयापारा लखनपुर निवासी अमन कुमार खडिय़ा (20) बहला फुसलाकर घर से भाग ले गया था और शादी करने का झांसा देकर बलात्कार किया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# संदीप लकड़ा हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार,मुख्य आरोपी अभी भी फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलजोरा निवासी दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा हत्याकांड में शामिल एक और आरोपी को सरगुजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय अभी भी फरार है। जिसे पुलिस तलाश कर रही है।



छड़-सीमेंट चोरी करने का आरोप लगाकर जल जीवन मिशन के ठेकेदार अभिषेक पांडेय ने अपने कर्मचारियों व साथियों के साथ मिलकर सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलजोरा निवासी दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा की मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या करने के बाद उसके शव को सभी ने ग्राम लुरेना बड़वापाट कमलेश्वरपुर स्थित निर्माणाधीन पानी टंकी के नीचे गड्ढे में दफन कर दिया था। उसके उफर कांक्रीट करा दिया था। परिजन की रिपोर्ट पर सीतापुर पुलिस ने 6 सितंबर को उसकी लाश बरामद की थी। पुलिस ने घटना में शामिल प्रत्युश पाण्डेय, गुड्डू कुमार, तुलेश्वर तिवारी, शैल शक्ति साहू, गौरी तिवारी, दीपांशु महाराज को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। वहीं मामले के मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय व अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। वहीं मामले में शामिल आरोपी जहांगीर अंसारी (25) को गिरफ्तार किया है। यह ग्राम कुसमई धौरिया थाना बिरनी जिला गिरिडीह झारखण्ड का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी जहांगीर गोदाम की रखवाली करने का काम करता था। वह पुलिस को बताया कि घटना दिवस 7 जून को मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय व अन्य लोगों ने मृतक संदीप लकड़ा को गोदाम में उल्टा बांधकर मारपीट कर बंद कर दिए थे। आरोपी जहांगीर द्वारा मामले की जानकारी होने के बावजूद भी पुलिस को न बताने व आरोपियों को सहयोग किए जाने का अपराध पर कार्रवाई की गई है। मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय व अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। आईजी अंकित गर्ग ने मुख्य आरोपी के बारे में पता बतने वालों को 30 हजार व एसपी ने दस हजार रुपए की इनाम की घोषणा की गई है। इसके बावजूद भी मुख्य आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

## 1 निरीक्षक, 7 एसआई व 30 एएसआई को तबादला

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस में बड़े फेरबदल किया गया है। एसपी योगेश पटेल ने एक निरीक्षक,7 एसआई और 30 एएसआई को बदला गया है। इसमें सरगुजा जिले के सभी थाने और पुलिस चौकियों में पदस्थ कनिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी एसआई अशोक शर्मा को हटाकर गांधीनगर थाने में ट्रांसफर किया गया है। वहीं इनके जगह पर निरीक्षक भरत लाल साहू को जिम्मेदारी दी है। वहीं एसआई सेत राम गहीर को थाना अंबिकापुर से चौकी प्रभारी केदमा,अश्विनी कुमार दीवान को थाना गांधीनगर से थाना प्रभारी धौरपुर, रामनारायण पटेल थाना प्रभारी धौरपुर से चौकी प्रभारी रघुनाथपुर, सम्पत राम पोटाई थाना उदयपुर से थाना अंबिकापुर तबादला किया गया है। इसके अलावा 30 एएसआई को भी जिले के विभिन्न थानों में तबादला किया गया है।

# लखनपुर तहसील कार्यालय के सामने से अधिवक्ता की स्कूटी चोरी,लगातार चोरी की घटनाओं से लोग चिंतित

### तहसील कार्यालय में नहीं लगा है सीसीटीवी कैमरा

- संवाददाता -
लखनपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सोमवार की दोपहर लखनपुर तहसील कार्यालय के सामने खड़ी अधिवक्ता की स्कूटी को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया।अधिवक्ता रामजी प्रसाद साहू की रिपोर्ट पर लखनपुर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया है,पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

बड़ी बात यह है कि लखनपुर तहसील कार्यालय जहां हर दिन सैकड़ो लोग न्यायालीन कार्य से आना-जाना करते हैं इसके बावजूद तहसील कार्यालय के आला अधिकारी यहां सीसीटीवी कैमरा लगवाना जरूरी नहीं समझते। लखनपुर तहसील कार्यालय में यह




कोई पहली चोरी की घटना नहीं हुई है,इसके पहले भी कई मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी हो चुके हैं,इसके बाद भी तहसील कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया जा रहा है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है और वह आए दिन तहसील कार्यालय के सामने से मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर के अधिवक्ता रामजी प्रसाद साहू जो कि सोमवार को लखनपुर तहसील न्यायालय में न्यायालीन कार्य से गए हुए थे। दोपहर को वह अपनी स्कूटी क्रमांक छ्त्र15ष्ठक्च 9433 खड़ी कर न्यायालय के अंदर गए थे कुछ देर बाद जब वह वापस लौट कर आए तो जहां वह स्कूटी खड़ी किए थे,वहां स्कूटी नहीं थी।अज्ञात चोरों ने स्कूटी चोरी कर लिया। स्कूटी में सामने की तरफ बैग भी रखा हुआ था जिसमें विभिन्न लोगों के न्यायालय संबंधी दस्तावेज था उसे भी चोरअपने साथ ले गए।

### उच्च अधिकारियों से चर्चा कर सीसीटीवी लगाने करूंगी प्रयास-तहसीलदार

लखनपुर तहसील कार्यालय में सीसीटीवी नहीं होने को लेकर तहसीलदार अंकित पटेल ने कहा कि मैं डेढ़ महीना पहले ही आई हूं,चोरी की घटना हुई है तो यह चिंता का विषय है।मैं उच्च अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए पहल करूंगी।

### बढ़ते जा रहा है चोरी का ग्राफ

अंबिकापुर,लखनपुर,उदयपुर नगर सहित पूरे सरगुजा जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है,आए दिन चोरी होने से लोग अपनी जान माल के सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस की लाख कसावट व अभियान के बाद भी अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।लोगों का कहना है कि एक-दो दिन अभियान चलाने से पुलिसिंग में कसावट नहीं आएगी,इसके लिए सतत निगरानी व कसावट की आवश्यकता है।साथ ही संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखने की आवश्यकता है।शहर में दुसरे जिला के कई लोग आकर बिना वेरिफिकेशन के किराए के रूम पर रह रहे है और शहर में घूम घूम कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



# ऋषि सुनक के इस्तीफे के बाद कंजर्वेटिव पार्टी चुनेगी नया उत्तराधिकारी,पूर्व PM बोले-एकजुट रहें सभी



लंदन,30 सितम्बर 2024। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता ऋषि सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के प्रमुख के रूप में अपने अंतिम संबोधन में सहयोगियों से एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने पार्टी के नेताओं से कहा कि, आपसी झगड़ा बंद करो और अपने उत्तराधिकारी साथ एकजुट होकर खड़े हो। 44 साल के भारतीय मूल के राजनेता ऋषि सुनक ने जुलाई के आम चुनाव में पार्टी की मिली करारी हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने रविवार को बर्मिंघम में वार्षिक कंजर्वेटिव पार्टी सम्मेलन को संबोधित किया।

### हमें विभाजन, आपसी झगड़े को खत्म करना चाहिए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋषि सुनक ने कहा कि, मैं अपने देश के दीर्घकालिक भविष्य के प्रति आशावादी हूं, मैं अपनी पार्टी के भविष्य के प्रति भी आशावादी हूं। जो भी इस उम्मीदवारी को जीतता है, उसे अपना समर्थन दें। हमें विभाजन, आपसी झगड़े को खत्म करना चाहिए। हमें पुरानी दुश्मनी नहीं पालनी चाहिए बल्कि नई दोस्ती बनानी चाहिए। हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमें क्या एकजुट करता है? बजाय इसके कि हम इस बात पर ध्यान दें कि हम कहां अलग हो सकते हैं, क्योंकि जब हम खुद पर ही भरोसा कर लेते हैं, तो हम हार जाते हैं ।

### 2 नवंबर को होगा नए नाम का ऐलान

ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के चांसलर और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अपनी कुछ उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सुनक ने दावा किया कि उन्होंने इतिहास की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों के बीच ब्रिटेन को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता की घोषणा 2 नवंबर को की जाएगी और वह हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में अपना स्थान ग्रहण करेंगे।

### इन चार में एक चुना जाएगा उत्तराधिकारी

पार्टी जल्द ही अपने उत्तराधिकारी नेता का चुनाव करने वाली है। इसके लिए पूर्व मंत्री जेम्स क्लेवरली, केमी बेडेनोच, रॉबर्ट जेनरिक और टॉम टुगेन्डहट के नाम सामने आए हैं। इन सभी को आने वाले दिनों में अपने पक्ष में पार्टी के सदस्यों का समर्थन जुटाना होगा। तभी वे सुनक की जगह ले पाएंगे।

ऋषि सुनक ने चारों दावेदारों में से किसी एक का समर्थन करने से परहेज करते हुए कहा कि, जेम्स, केमी, रॉबर्ट और टॉम के रूप में हमारे पास मजबूत नेतृत्व के उम्मीदवारों की एक सूची है। मैं उन सभी के साथ कैबिनेट की मेज पर बैठा हूं, और मैं आपको बता सकता हूं, वे सभी अच्छे कंजर्वेटिव हैं जो इस देश का अच्छा नेतृत्व करेंगे और कीर स्टार्मर की तुलना में बेहतर प्रधानमंत्री साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि, अगर हम कंजर्वेटिव सत्ता में वापसी करते हैं तो हम एक बार फिर ब्रिटिश लोगों के लिए काम कर सकेंगे। इसके लिए हमारे नए नेता को आपके समर्थन की आवश्यकता होगी। इसलिए सुनिश्चित करें कि हमारे चार उम्मीदवारों में से एक न केवल हमारी पार्टी का अगला नेता हो, बल्कि हमारा अगला प्रधानमंत्री भी हो। सुनक ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और उनके लेबर पार्टी के सहयोगियों द्वारा दानदाताओं से महंगे उपहार स्वीकार करने को लेकर तीखा हमला बोला।



# पाकिस्तानी सीमा के पास तीन ईरानी सुरक्षाकर्मियों की हत्या, जैश-उल-अदल ने ली जिम्मेदारी

बलूचिस्तान, 30 सितम्बर 2024। पाकिस्तान की सीमा से लगे अशांत सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों के साथ झड़पों में कम से कम तीन ईरानी सीमा रक्षक मारे गए हैं, एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सिस्तान-बलूचिस्तान और सीमावर्ती बलूचिस्तान प्रांत अक्सर कई आतंकवादी समूहों के हमलों का सामना करते हैं, जो आसानी से ईरान और पाकिस्तान के बीच की सीमा को पार कर जाते हैं।

**आतंकवादियों ने रात भर बरसाई थी गोलियां-** एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रांत के परुद, खाश, हिरमंद और डोमक इलाकों में रात भर चार हमले हुए। उन्होंने बताया कि, इन हमलों में तीन ईरानी सुरक्षाकर्मी मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए। इधर एक सुन्नी बहुल समूह जैश-उल-अदल ने हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह 2012 में जुंदुल्लाह नामक एक अन्य बलूच सैन्य समूह के उत्तराधिकारी के रूप में उभरा और यह पाकिस्तान-ईरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय है।

ईरान के अनुसार, जैश-उल-अदल पाकिस्तान में है, लेकिन पाकिस्तान ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि वह आतंकवाद का शिकार रहा है और अपनी धरती से इस खतरे को खत्म करने के लिए लड़ रहा है। एक-दूसरे की धरती पर आतंकवादियों की कथित मौजूदगी और एक-दूसरे के खिलाफ आरोपों ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और ईरान को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया.

# नेपाल में फंसे भारतीयों को बचाने के लिए दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर,अभी तक 193 लोगों की मौत



काठमांडू,30 सितम्बर 2024। नेपाल में भारी बारिश के चलते आई विनाशकारी बाढ़ में 190 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। सैंकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। इसी बीच नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अधिकारी बाढ़ और भूस्खलन के कारण फंसे भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और दूतावास उनकी सुरक्षित वापसी की व्यवस्था कर रहा है।

वहीं दूतावास की ओर से नेपाल में फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर भी स्थापित किया गया है। दूतावास बाढ़ के चलते फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने में सहायता के लिए नेपाली अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने एक्स को लिखा कि, नेपाल में रिकॉर्ड बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन के कारण व्यापक क्षति हुई है। हमारी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। दूतावास को कुछ फंसे हुए नागरिकों के बारे में सूचना मिली है। दूतावास इनमें से कुछ समूहों के संपर्क में है और उनकी सुरक्षित वापसी की व्यवस्था कर रहा है। दूतावास फंसे हुए भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए नेपाली अधिकारियों के साथ भी समन्वय कर रहा है।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने सहायता के लिए लोगों के लिए आपातकालीन नंबर भी जारी किए हैं। दूतावास ने एक्स पर लिखा कि, नेपाल में भारतीय नागरिक जिन्हें सहायता की आवश्यकता है, वे निम्नलिखित आपातकालीन नंबरों (व्हाट्सएप के साथ) पर संपर्क कर सकते हैं: +977-9851316807 - आपातकालीन हेल्पलाइन +977-9851107021, +977-9749833292।

गृह मंत्रालय ने कहा कि, शनिवार को आपदा की शुरुआत के बाद से पूरे देश में अधिकारियों द्वारा बचाव और खोज के प्रयास जारी हैं। नेपाल की बाढ़ में मरने वालों की संख्या 193 तक पहुंच गई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषि राम तिवारी ने बताया कि, 31 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि देश भर में विभिन्न स्थानों से 4500 लोगों को बचाया गया है। तिवारी ने कहा कि पीड़ितों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है, और घायलों को मुफ्त चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।

# विश्वविजय सिंह तोमर का प्रथम सरगुजा आगमनः युवाओं के लिए नई उम्मीद

» राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष का जोरदार स्वागत, उदयपुर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



- संवाददाता -
उदयपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राज्य युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर का अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम सरगुजा आगमन पर उदयपुर के थाना चौक और शिव मंदिर के समीप आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री प्रबोध सिंह, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष बुधमोहन सिंह के नेतृत्व में किया गया। थाना चौक और शिव मंदिर के पास सैकड़ों भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया।

विश्वविजय सिंह तोमर ने चर्चा के दौरान कहा,जिम्मेदारी बड़ी है, लेकिन मैं युवाओं के साथ मिलकर इसे निभाऊंगा। हमारा लक्ष्य युवाओं को सशक्त बनाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।÷ मुख्यमंत्री ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर युवाओं ने अपनी आशाओं और अपेक्षाओं को व्यक्त किया। विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा,आपकी ऊर्जा और उत्साह हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम आपके लिए काम करेंगे और आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

इस आयोजन में भाजपा और भाजयुमो के वरिष्ठ नेताओं ने भी भाग लिया और विश्वविजय सिंह तोमर को बधाई दी।

विश्वविजय सिंह तोमर का युवा आयोग का अध्यक्ष बनना युवाओं के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और युवाओं के प्रति समर्पण से युवा वर्ग में उत्साह का माहौल है।

इस दौरान अनिल सिंह मंडल अध्यक्ष, राधे श्याम सिंह जिला मंत्री, प्रबोध सिंह, चंद्रबसू यादव महामंत्री, बुधमोहन सिंह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, नवीन महंत, रमेश यादव महामंत्री, मान सिंह राजवाड़े, नार सिंह सिदार, संतोष जायसवाल, अखंड विधायक सिंह, दीपक सिंघल, श्यामलाल, मनीष बंसल, डालेश्वर यादव, त्रिलोचन सिंह, कल्पना भदौरिया, अंजु गुप्ता, इंदिरा जायसवाल तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरिहरपुर में जिला स्तरीय पारंपरिक करमा महोत्सव का हुआ

» जिले भर से दर्जनों करमा टीमों ने लिया भाग







- संवाददाता -
सरगुजा/उदयपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर विकास खंड के ग्राम हरिहरपुर में दिनांक 29/09/2024 दिन रविवार को जिला स्तरीय पारंपरिक करमा महोत्सव का आयोजन किया गया । उक्त आयोजन में उदयपुर ब्लॉक सहित जिले भर के करमा टीमों ने भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

अपने परम्परा और संस्कृति को बचाए रखने के उद्देश्य से आयोजित उक्त कार्यक्रम की तैयारी गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आन्दोलन सरगुजा के बैनर तले विगत पंद्रह दिनों से किया गया था।

मातृशक्ति पितृशक्ति युवाशक्ति छात्र छात्राए एवं अधिकारी / कर्मचारी बन्धुओं को पारम्परिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों, मांदर, मृदंग, झांझ के साथ अधिक से अधिक संख्या में जिले भर से लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। आदिवासी वर्ग मानता है कि आदिकाल से पुरखा शक्तियों का स्थान सबसे उचा रहा है, जो समस्त जीव-जगत के कल्याण एवं उत्थान के लिये अनेको कार्य करते हैं। पूर्वजों के बताये अनुसार सत्य मार्ग में चलकर मानव समुदाय आदि शक्तियों की पूजा उपासना अनादिकाल से करते आ रहे हैं । अपनी परम्परानुसार हरेली, करमा, कठोरी, नावा, देवठून,छेरता खरबोज इत्यादि तीज तिहार पारम्परिक रुढ़ि प्रथा के अनुरुप पारम्परिक वेशभूषा नृत्य गान के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। यही इनकी सांस्कृतिक विरासत और धरोहर है जो इनके आदिवासी/मूलनिवासी होने का परिचायक है।

कार्यक्रम मा. तुलेश्वर सिंह मरकाम (विधायक पाली तानाखार) राष्ट्रीय अध्यक्ष, गो.ग.पा. कुलदीप मरकाम, उमेश्वर आर्मो सुनील अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मा. नवल सिंह बरकड़े, जिलाध्यक्ष गो.ग.पा., अध्यक्षता विजय कुमार कोर्राम जी (सरपंच ग्रा.पं. साल्ही) आमंत्रित अतिथी रैमुनिया करियाम (जप सदस्य), मतिबाई (उपसरपंच), मदन करियाम (अध्यक्ष गोण्डवाना गोंड महासभा), सहित सैकड़ों गोंडवाना कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक - रामलखन कोर्राम , कोषाध्यक्ष-श्रवण सिंह वरकड़े, सचिव- ठाकुर सिंह, समल आरमों , मंगल साय, सुखनंदन, बाल साय कोर्राम, जितम सिंह का सक्रिय योगदान रहा।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र के जरिये लोन बंद करवाकर इंश्योरेंस का पैसा ठगी किये जाने के मामले में सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही

## थाना धौरपुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे फाइनेंस कम्पनी के 02 कर्मचारी किया गया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

उक्त ठगी के मामले में बताया गया कि प्रार्थी धनीराम साकिन जोरी धौरपुर द्वारा दिनांक 29/09/24 कों थाना धौरपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी की पत्नी लालो बाई वर्ष 2021 मे स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के शाखा शंकरगढ़ से 72000/- का लोन निकली थी, जिसे प्रार्थी समय पर किस्त की रकम पटा रहा था, इसी बीच स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे एवं अन्य कर्मचारी संजय कुमार साहू द्वारा मिलकर व्यक्तिगत लाभ के लिए लोन मे नामित व्यक्ति धनीराम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर लोन बंद करवा दिया गया एवं लोन खाते पर प्राप्त हुई इंश्योरेंस की रकम 18000/- रुपये कों लालो बाई से अपना कहकर ठगी करते हुए आहरण करवाकर ले लिया गया, इस प्रकार आरोपियों द्वारा नामित व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर ठगी की घटना कारित की गई हैं, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना धौरपुर मे अपराध क्रमांक 81/24 धारा 318(3), 336(3), 338, 340(1), 3(5) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

» आरोपियों द्वारा इंश्योरेंस की रकम 18000/- निकलवाकर अपना होना बताते हुए की गई थी ठगी की घटना।

» आरोपियों के कब्जे से 3000/- रुपये नगद, फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र एवं लोन निकालने का फॉर्म किया गया बरामद।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले मे स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे एवं अन्य कर्मचारी संजय कुमार साहू कों हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम (01) सुरेश कुमार खांडे उम्र 27 वर्ष साकिन छिंदिया पटना जिला कोरिया (02) संजय कुमार साहू उम्र 25 वर्ष साकिन कोतबा थाना बाग़बाहर जिला जशपुर दोनों हाल मुकाम शंकरगढ़ जिला बलरामपुर का होना बताये, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के कब्जे से 3000/- रुपये नगद, फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र एवं लोन निकालने का फॉर्म बरामद किया गया हैं, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी धौरपुर उप निरीक्षक आर. एन. पटेल, सहायक उप निरीक्षक देवनारायण यादव, आरक्षक मुनेश्वर पन्ना, सयनाथ लकड़ा शामिल रहे।



# इग्निस चर्च नमना व ट्राइबल टाइगर ने जीते मैच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे हे संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को दो मैच खेला गया। प्रथम मैच संत इग्निस चर्च नमना अंबिकापुर विरुद्ध फुटबॉल क्लब घटगांव के मध्य खेला गया। जिसमें नमना अंबिकापुर की टीम ने 1-0 गोल से मैच जीत लिया। दूसरा मैच टाइगर ए विरुद्ध फुटबॉल क्लब पोड़िपा के मध्य खेला गया। ट्राइबल टाइगर ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 गोल से फुटबॉल क्लब पोड़िपा को हरा दिया। मैच के रेफरी ललित किशोर, दिनेश तिर्की ,मंगल, अखिलानंद ,मैच कमिश्नर राम बहादुर लांबा ,दीपक कुजूर रहे। मंगलवार को इस प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेला जाएगा। पहला मैच सरगुजा फुटबॉल एकेडमी विरुद्ध लाइवली हुड कॉलेज व दूसरा मैच फुटबॉल क्लब लुचकी विरुद्ध सूरज क्लब ताल पर के मध्य मैच खेला जाएगा।



# स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिवस पर विशेष

# 1 अक्टूबर सन 1976 को रतनपुर में जन्मे थे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

## कैबिनेट मंत्री बनने के बाद स्वास्थ्य मंत्री मनेंद्रगढ़ विधायक का पहला जन्मदिवस क्या होगा ऐतिहासिक?

**10 महीने वाले स्वास्थ्य मंत्री कैसे मनाएंगे अपना जन्मदिवस...क्या अपने जन्मदिवस पर देंगे प्रदेश वासियों को कोई बड़ी सौगात?**

**क्या अपने जन्मदिन पर स्वास्थ्य विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त विभाग बनाने का लेंगे संकल्प?**

**कांग्रेस के विधायक के प्रति लोगों का असंतोष व टिकट कटना श्याम बिहारी के पुनःविधायक बनने के लिए कारण बना**

**2023 में एक बार फिर श्याम बिहारी जयसवाल अजेय योद्धा बने...संयोग से राजनीति में हुआ पदार्पण,लोकप्रियता ऐसी बढ़ी की उत्तरोत्तर राजनीतिक प्रगति करते गए...**



-रवि सिंह-

चिरमिरी/मनेंद्रगढ़/रायपुर 30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की...ऐसे तो मंत्री जी व दैनिक घटती घटना अखबार का संबंध जग जाहिर है,अखबार स्वास्थ्य मंत्री की कमियों को व उनके आलोचनाओं को जाहिर करने में कभी भी पीछे नहीं रहा है,जिसकी वजह से अखबार को नुकसान भी उठाना पड़ा...और आगे भी कमियों व आलोचनाओं को जाहिर करने पर नुकसान उठाने को भी तैयार है...दैनिक घटती घटना का वास्ता सच से है और सत्य आधारित खबरों से है...अखबार नुकसान के बावजूद सच प्रकाशित करने पर ही ध्यान देगा और अपने दायित्वों का ही निर्वहन करना चाहेगा, वह कमी हो या फिर उस व्यक्ति या उस पद पर बैठे या उस पद की अच्छाई यह भी लिखना अखबार का दायित्व है,सच को दिखाना चाहे वह कमी हो या फिर अच्छाई ही, इस बार हम स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जन्मदिवस पर उनकी उपलब्धियां की बात करने जा रहे हैं और कुछ आग्रह भी उनसे करेंगे...वैसे स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का जीवन परिचय लगभग सभी लोग जानते हैं...इससे पूर्व में भी दैनिक घटती-घटना अखबार ने उनके परिचय को प्रकाशित किया है,पर इस बार हम उनके कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहले जन्मदिन की बात करेंगे,यह जन्मदिन इसलिए भी खास होगा,क्योंकि इस जन्मदिन पर वह अपने प्रदेश को क्या सौगात देते हैं? इस पर भी लोगों की नजर होगी...साथ ही क्या अपने विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त विभाग बनाएंगे...इसका भी संकल्प उन्हें लेना चाहिए...ताकि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था बाकी प्रदेशों के मुकाबले अच्छी हो और एक नया कीर्तिमान अपने नाम स्वास्थ्य मंत्री दर्ज कर सकें? ऐसा करते हैं या नहीं यह तो वक्त के गर्भ में है,अभी स्वास्थ्य मंत्री अपने विभाग के अलावा एक बड़ी जिम्मेदारी और भी निभा रहे हैं वह जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री के प्रतिनिधित्व की,जहां पर मुख्यमंत्री नहीं पहुंच पाते वहां पर स्वास्थ्य मंत्री उनका प्रदेश प्रतिनिधित्व करके आते हैं और मुख्यमंत्री की बातों को वहां पर रखते हैं,अपने विभाग की जिम्मेदारियों के बीच यह भी एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी उसी को मिलती है जिस पर भरोसा होता है दो उप मुख्यमंत्री होने के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री को ही प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी मिलना यह बताता है की सरकार का भरोसा स्वास्थ्य मंत्री पर ज्यादा है। स्वास्थ्य मंत्री भले ही शुरुआती दौर में विवादों से घिरे रहे,विभाग को ना संभाल पाने का आरोप भी लगे और लग भी रहे हैं,पर यह ऐसा विभाग है कि आरोप-प्रत्यारोप तो लगता रहेगा,क्योंकि सीधे जनता से जुड़ा हुआ विभाग है पर अपने सहयोगियों की भी वजह से वह सुर्खियों में रहे पर इसके बावजूद वह अपने विभाग व अपने पार्टी व प्रदेश के लिए काम करते रहे, कमियों के बावजूद पार्टी ने उन पर भरोसा बनाए रखा और बनाए हुए हैं यही उनकी दूसरी उपलब्धि है कहीं ना कहीं पार्टी उन्हें सीखा भी रही है और काम करवा भी रही है।



## पूर्व से वर्तमान विधायक और फिर मंत्री

छत्तीसगढ़ प्रदेश का नंबर दो विधानसभा जिसे मनेंद्रगढ़ के नाम से जाना जाता है। यहां दो पंचवर्षीय भाजपा के विधायक सत्तासीन रहे और दोनों ही बार भाजपा के दो अलग-अलग व्यक्तित्व ने विधायक पद को सुशोभित किया। 15 वर्ष के भाजपाई कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी लहर और जनता से चुनाव पूर्व किए गए बड़े-बड़े वायदो ने कांग्रेस के विधायक को जनता ने मौका दिया। मौका मिलने के बाद जनता को लगा कि उन्होंने अच्छा जनप्रतिनिधि जनसेवक के तौर पर चुना है,क्योंकि उससे पहले इनके अंदर की जनसेवा खूब देखने को मिल रही थी,जिस जनसेवा को देखकर लोग मोहित हुए और डॉक्टर विनय जायसवाल को मनेन्द्रगढ़ विधानसभा का विधायक बनाया पर कांग्रेस विधायक डॉ विनय जायसवाल भी अपना 5 साल संभाल नहीं पाए 5 साल उनका लोगों को संतोषजनक नहीं लगा, यहां तक की पार्टी भी उनसे संतुष्ट नहीं थी जिस वजह से उनका टिकट कटा और वहीं से श्याम बिहारी जायसवाल को दूसरी बार फिर से विधायक बनने का रास्ता खुला और हुआ भी ऐसा ही श्याम बिहारी अपना तीसरा विधानसभा चुनाव जीतकर यह बता दिया कि वह पूर्व विधायक व कांग्रेस के वर्तमान प्रत्याशी से ज्यादा अच्छे विधायक बन सकते हैं, क्योंकि यह निर्णय जनता का था जिसने उन्हें चुनाव जितवाया,श्याम बिहारी जायसवाल को कैबिनेट में जगह मिलेगी यह उम्मीद किसी को भी नहीं थी, पर उन्होंने कैबिनेट में जगह भी पाया और बहुत महत्वपूर्ण पद भी पाया आज उन्हें लोग स्वास्थ्य मंत्री के नाम से जानते हैं।

## क्या श्याम बिहारी के अंदर हुए हैं बदलाव?

श्याम बिहारी जायसवाल अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा कराए गए विकासकार्य,जनता के प्रति प्रेम, उनकी साधारण जीवन शैली,उनकी जीवटता और लोगों से सामान्य जुड़ाव, क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता के दिल मे इनका व्यक्तित्व योद्धा की तरह राज कर रहा था। बदलाव के दौर में भी इनका ना बदलना इनकी सबसे बड़ी ताकत थी पर मंत्री बनने के बाद उनके में बदलाव भी दिखने लगा श्याम बिहारी वर्तमान में अलग ही श्याम बिहारी जायसवाल लग रहे है, यह हम नहीं कह रहे यह अब चर्चाओं में है खबरों की सुर्खियों में भी श्याम बिहारी को लोगों ने चुनकर सिंहासन दिलाया क्या वह श्याम बिहारी फिर से अपने अंदर हुए बदलाव की समीक्षा कर पाएंगे और फिर से जनता के लिए उसी सहजता में आएंगे?

## श्याम बिहारी जयसवाल की राजनीतिक यात्रा एवं यात्रा के दौरान का रोचक सफर

श्याम बिहारी जायसवाल अपने पूरे रजनीतिक जीवन में कभी भी अपने परिवार और जीवन की विकट परिस्थितियों को जनता के सामने ला कर वोट के लिए राजनितिक लाभ नहीं लिया। उन्होंने कभी भी इस बात को साझा नही किया कि वे परिवार चलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न सासाहिक बाजारों के समीप पगडंडियों के किनारे फट्टी लगाकर,बोरा में बैठकर कृषि उपज एवं वनोपज में महुआ,डोरी, इत्यादि ग्रामीणों से अल्प मात्रा में खरीदकर परिवार चलाते थे। 1 अक्टूबर सन 1976 को रतनपुर में जन्मे श्याम बिहारी जायसवाल ने गृह ग्राम रतनपुर से ही प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी, प्राथमिक शाला रतनपुर से सन 1985 में पांचवी पास करने के पश्चात माध्यमिक शाला तामडांड़ से 1988 में आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसके बाद हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा खंडगवा हायर सेकेंडरी विद्यालय से पास की। बड़ी बात यह है कि अपने शिक्षा काल के दरमियान अपने गांव रतनपुर से खंडगवा तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए पैदल और साइकिल से सफर किया। विज्ञान के होनहार विद्यार्थी श्याम बिहारी जायसवाल ने अपना ग्रेजुएशन विज्ञान से करने के बाद सन 1998 में रसायन शास्त्र से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। योग्यता ऐसी की इन्होंने स्नातकोत्तर की उपाधि पूरे विश्व विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहकर प्राप्त की और यह अपने क्षेत्र के रसायन शास्त्र से पहले स्नातकोत्तर विद्यार्थी रहे। श्याम बिहारी जायसवाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। क्योंकि उन्होंने जब शिक्षा ग्रहण की तब पुरा क्षेत्र साधन विहीन था। यातायात के साधन के नाम पर मात्र बाबरा बस ही थी और एक आदर्श/अली अहमद बस बिलासपुर वाली ही थी। रतनपुर से चिरमिरी आ कर उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की, तथा वे पढ़ाई के दौरान जब प्रेक्टिकल या एक्स्ट्रा क्लास चलता था तो वे अपने परिचितों के यहां टिकरापारा में एक छोटे से कमरे में रात बिताते थे और हाँ रावण दहन कार्यक्रम में भी रतनपुर से चिरमिरी दिन में ही बोरा शॉल लेकर आ जाते थे। रावण दहन कार्यक्रम के बाद दुसरे दिन वे रतनपुर जाते थे, लेकिन इन सब बातों का जिक्र उन्होंने राजनैतिक या निजी जीवन में कभी भी नही किया। पूरे पढ़ाई के दरमियान पैदल और साइकिल का सफर,साथ ही विद्यालय समय से अलग परिवार की आजीविका के लिए हाट बाजारों में फट्टा लगाकर वनोपज की खरीदी और बिक्री,आसपास के बाजारों में गल्ला के व्यवसाय ने उन्हें समय से पहले संघर्षशील बना दिया था और पूरे क्षेत्र में बाजारों में भ्रमण के कारण क्षेत्रवासियों से पहचान भी काफी समय से हो गई थी। पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्होंने व्यवसाय को अपना कैरियर चुना और अपने ग्राम में राइस मिल की स्थापना की। अपनी व्यवसायिक गतिविधियों और राइस मिल की स्थापना के बाद लोगों से उनका जुड़ाव बनता चला गया। और यही जुड़ाव भविष्य में उनकी लोकप्रियता का कारण भी बना।

## पहली बार जनपद पंचायत का चुनाव बिना घरवालो की मर्जी से लड़ा,मिली जीत और जनपद उपाध्यक्ष भी बने

श्याम बिहारी जायसवाल कि किस्मत भी गजब की थी। कभी इन्होंने सोचा नहीं था कि राजनीति में प्रवेश होगा।अचानक भाजपा से जनपद सदस्य का फॉर्म भरा और घरेलू विवाद के बावजूद बिना घरवालों की मर्जी उन्होंने चुनाव लड़ा और पहली बार में ही उन्हें जीत मिली और जीत मिलने के बाद निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष भी चुने गए। यह भी एक अजीबो-गरीब इत्तेफाक था। पहली बार इन्होंने जहां से चुनाव लड़ा वह तत्कालीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का गढ़ था और पहली बार में ही है निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुने गए। कद्दावर शख्सियत को हराने के कारण भाजपा में इनकी बेहद मजबूत पृष्ठभूमि बनी। 2010 में जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष बनने के बाद 2013 में ही इनसे जनपद सदस्य पद से इस्तीफा ले लिया गया और इन्हें क्षेत्र का विधानसभा का टिकट भाजपा की ओर से मिला। उन्होंने पहली विधानसभा चुनाव में भी धमाकेदार जीत दर्ज की और शानदार अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा किया।

## क्षेत्र के विकास के लिए श्याम बिहारी का यह विजन अधुरा है

चुनाव से पूर्व दैनिक घटती-घटना के संवाददाता से बातचीत में श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि यदि क्षेत्र की जनता और प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता में लाती है,और मुझे दोबारा मौका मिलता है तो कुछ महत्वपूर्ण कार्य जो क्षेत्र के लिए मेरे विगत कार्यकाल में नहीं हो पाए,जो सदैव से मेरे जेहन में हैं वह यह की क्षेत्र को प्रदेश के आदर्श जिले,आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित करना, मनेंद्रगढ़ विधानसभा में बेरोजगारी दूर करने के लिए लघु कुटीर उद्योग, व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं को लाना, नवीन खदानों के माध्यम से विस्थापन को रोकना, नागपुर चिरमिरी रेल लाइन को पूर्ण कराना, 100 लघु कुटीर उद्योग की स्थापना, इनके अलावा भी कई बृहद योजनाएं मेरे महत्वपूर्ण विजन बतया था जो अभी भी अधुरा है।



**अब तक की उपल्धियां...**स्वास्थ्य क्षेत्र में वह बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कई जिलों में कई स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया है। उन्होंने कई जिला अस्पतालों को सर्व सुविधा युक्त बनाने का भी संकल्प लिया है।

## कैसा होगा कैबिनेट मंत्री बनने के बाद इनका पहला जन्मदिवस?

मनेंद्रगढ़ विधायक स्वास्थ्य मंत्री का कैबिनेट मंत्री बनने उपरांत यह पहला जन्मदिवस होगा। क्या जन्मदिवस सादगीपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा या फिर जन्मदिवस में काफी खर्च किया जाएगा यह देखने वाली बात होगी। वैसे प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर यह माना जा रहा है की वह अभी बहोत अच्छी नहीं है लेकिन उसके बावजूद क्या स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिवस पर खर्च की सीमाएं लांघी जाएंगी यह देखने वाली बात होगी। वैसे जन्मदिवस क्या वह केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही मात्र मनाएंगे या प्रदेश में या संभाग में वह और भी जगहों पर जाएंगे यह भी देखने वाली बात होगी। स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते क्या वह मरीजों के बीच भी पहुंच पाएंगे या जायेंगे यह भी देखना होगा क्योंकि उनके बीच जाकर उनका जन्मदिवस के दिन हाल चाल जानना एक अलग उदाहरण हो सकता है जिसका पालन करते हैं की नहीं मंत्री जी नजर आने वाला है।

## क्या भ्रष्टाचार मुक्त विभाग बनाने का लेंगे संकल्प?

स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार से हर कोई वाकिफ है,आज सरकारी चिकित्सक अपना कर्तव्य छोड़कर सरकारी अस्पताल के बगल में ही अपना अस्पताल चला रहे हैं और वह जन सेवक का भी तमगा खुद लगा रहे हैं। शासकीय अस्पताल के भ्रष्टाचार को यदि समझा जाए तो एक अदना सी शाखा का बाबू भी करोड़ों के घर का मालिक है वह भी एक नहीं कई और कई। मरीजों की सुविधाओं के लिए जारी राशि बंदरबांट कर ली जा रही है। खरीदी में भ्रष्टाचार,भर्ती में भ्रष्टाचार सभी जगह भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। निजी अस्पताल फल फूल रहे हैं और सरकारी में मजबूर जा रहे हैं यह हर कोई जानता है। अब देखना है की क्या स्वास्थ्य मंत्री अपने जन्मदिवस के दिन संकल्प लेते हैं की वह भ्रष्टाचार मुक्त विभाग स्वास्थ्य विभाग को बनायेगे या वह इस ओर ध्यान नहीं देंगे।

## 10 महीने के कार्यकाल में क्या-क्या किया प्रदेश के लिए?

इस जन्मदिवस में उन्होंने 10 माह के कार्यकाल के दौरान क्या क्या किया इसका भी ब्यौरा लोग जानना चाहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री का कार्यकाल आगे कैसा होगा यह भी लोग उत्सुकता से जानना चाहेंगे और उन्हे उम्मीद होगी की वह इसको लेकर जरूर कोई संकल्प लेंगे। क्या उनकी घोषणाएं अमल में आई,क्या उनकी घोषणाएं कहीं किसी के लिए फायदेमंद साबित हुई इस दौरान यह लोग जानना जरूर चाहेंगे।

# राजपुर में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ केबिनेट मंत्री होंगे शामिल



-संवाददाता-
बलरामपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के वर्चुअल शुभारंभ का सीधा प्रसारण एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शिलान्यास सह जिले के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 02 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को प्रातः 11:30 बजे से विकासखण्ड राजपुर के शासकीय हायर सेकेण्डरी ग्राउंड बुढ़ाबगीचा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास,पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रिय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद लोकसभा सरगुजा श्री चिन्तामणि महाराज, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते,अध्यक्ष जिला पंचायत सुश्री निशा नेताम, उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी सिंहदेव, जनपद पंचायत राजपुर अध्यक्ष श्रीमती अनिता बेक, नगर पंचायत अध्यक्ष राजपुर श्री धरम सिंह शामिल होंगे।



### मंत्री श्री नेताम ने आयोजित होने वाले मेगा इवेंट कार्यक्रम स्थल का किया अवलोकन

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास,पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिला प्रवास पर विकासखण्ड राजपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान बुढ़ाबगीचा में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले मेगा इवेंट कार्यक्रम की चल रही तैयारी का अवलोकन करने कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर समय पर आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने को कहा, साथ ही कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील,अनुविभागीय अधिकारी श्री राजीव जेम्स कुजूर, गणमान्य नागरिक सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## स्वछता ही सेवाः छात्र-छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़ कर दिया स्वच्छता का संदेश

-संवाददाता-
कोरबा,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राओं के मध्य विविध स्वच्छता आधारित प्रतियोगिताओं का वृहद आयोजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़ कर माडल, ड्राईंग प्रतियोगिता, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता, वाल पेंटिंग आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ. संजय अग्रवाल, प्राचार्य रणधीर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक-अध्यापिकागण व अभिभावकगण उपस्थित थे। शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले में विगत 17 सितम्बर से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छता आधारित विविध गतिविधियॉ व कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिसमें समाज के सभी वर्गो की सहभागिता प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में शासकीय साड़ा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में नगर पालिक निगम व शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के मध्य सम्पन्न हुई संकुल स्तरीय स्वच्छता आधारित विविध प्रतियोगिताओं में चयनित व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 70 छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने कबाड से जुगाड़ माडल, ड्राईंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन व सुंदर वाल पेंटिंग के माध्यम से आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ.संजय अग्रवाल व प्राचार्य रणधीर सिंह ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए कबाड से जुगाड़ माडल, ड्राईंग, वाल पेंटिंग, आदि का अवलोकन किया, उनके द्वारा लिखे गए स्वच्छता आधारित निबंध, स्लोगन आदि को देखा तथा स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता व उत्साह की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## नगर पालिका क्षेत्र में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
एमसीबी,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
नगर पालिका मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में शासन के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्ता चौहान के निर्देशानुसार में आज सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। विदित हो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ में स्वच्छता के क्षेत्र में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त स्वच्छता शिविर में सभी स्वच्छता कर्मचारियों के साथ-साथ स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर निकाय के उप अभियंता पवन कुमार साहू, स्वच्छता प्रभारी विजय मिश्रा, सफाई दरोगा मुनताज अहमद, विनोद चतुर्वेदी, सेंटर प्रभारी मो. अजीज, मनीष कुशवाहा, मनोज यादव, मोबाइल मेडिकल यूनिट के समस्त स्टॉफ, निकाय के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान में शामिल हुए फिट एंड फाइन क्लब के मेंबर

-संवाददाता-
प्रतापपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
नगर पंचायत प्रतापपुर के ऐतिहासिक पक्की तालाब में प्रतापपुर फिट एंड फाइन वैलनेस सेंटर के मेंबरो ने स्वच्छता शिविर व वर्कआउट का आयोजन किया जिसमें नगर के काफी संख्या में लोग हिस्सा लिया और फिट इंडिया का नारा देते हुए अच्छे स्वास्थ्य के लिए वर्कआउट आवश्यक है साथ में अच्छा न्यूट्रिशन लेना भी आवश्यक है संस्था के सीनियर स्वास्थ्य सलाहकार सेराजुल हक व स्वास्थ्य सलाहकार फिरोज अंसारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी आज के भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम अपने स्वास्थ्य के प्रति बहुत लापरवाह हो गए हैं अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा न्यूट्रिशन और वर्कआउट बहुत आवश्यक है उपस्थित सभी क्लब के मेंबरों ने की पक्की तालाब में स्वच्छता अभियान भी चलाया और जिले के कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के संबंध में लोगों को बताया एवं जागरूक किया इस दौरान संस्था के सीनियर स्वास्थ्य सलाहकार सेराजुल हक आने वाले रविवार को सुबह 6:00 बजे से फिर से वर्कआउट का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक संख्या में लोगों को स्वास्थ्य लेने की अपील की गई है इस दौरान मोहम्मद जिसान खान कमलेश सिह सुषमा सिह शशि सिह नासरीन खान, सबीरान खान, तस्लीमा, तमना खातून, अनवर हुसैन, उमेश जायसवाल, शरियत खान,संतोष जायसवाल , जैनुल, आरिफ ईराकी अशोक जायसवाल उमेश जायसवाल भगवती गायकवाल आदि लोग उपस्थित थे।





## बचपन स्कूल के विद्यार्थियों को कराया गया झगराखण्ड़ थाना का भ्रमण, पुलिस की कार्यशैली से हुए रूबरू

-संवाददाता-
एमसीबी,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के निर्देशानुसार जिले के पुलिस द्वारा जागरूकता के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में आज झगराखाण्ड़ क्षेत्र में स्थित बचपन स्कूल के नन्हें-मुन्हे बच्चों को थाना झगराखाण्ड़ का भ्रमण कराया गया। थाना झगराखाण्ड़ को चाईल्ड फ्रेंडली थाना घोषित किया गया है। बच्चों के मन में पुलिस के प्रति जो अवधारणाएं है उस संबंध में सकारात्मकता से पुलिस की कार्यशैली से अवगत कराया गया कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिये है। पुलिस सभी को डराने धमकाने के लिए नहीं है बल्कि छोटे-छोटे बच्चों को समझाने का भी काम करती है। पुलिस का काम समाज के असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्य करना है, यह बात बच्चों को बहुत ही आसान शब्दों में समझाया गया। जिससे उनके मन में पुलिस की एक अच्छी छवि निर्मित हो। उनसे बहुत ही मृदु व्यहार से पुलिस किस तरह काम करती है उसके संबंध में तथा पुलिस की कार्यशैली से अवगत कराया गया और बच्चों को बताया गया कि आप जब कभी भी स्कूल से घर जाते हैं या स्कुल आते हैं रास्ते में यदि आपको ऐसा लगता है कि आपका कोई पीछा कर रहा है या छेड़खानी कर रहा है, गलत ईशारे कर रहा है, जिससे आपको देखने में डर लगता है तो इसकी जानकारी अपने माता पिता व गुरूजनों को अवश्य दें और बच्चों को बताया गया कि आपको किसी भी व्यक्ति का व्यवहार असहज लगता है या उनके व्यवहार से आपको बुरा लगता है या कुछ गलत महसुस होता है, तो अपने माता-पिता को बतायें तथा गुड टच बैड टच के संबंध में बताया गया व थाना के चाईल्ड रूम का विजिट कराया गया। थाना प्रभारी के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जागरूकता व उनके अधिकारों के बारे में जानकारी बताना था। बच्चे इस कार्यक्रम से बड़े उत्साहित नजर आये। उपरोक्त कार्यक्रम में बच्चों में पुलिस के प्रति विश्वास व संपर्क बढ़ा जो भविष्य में बच्चों के समाज में अच्छा नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होगा।

## 121 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ चार गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले में सजग कोरबा अभियान के तहत अवैध नशे के कारोबार में नकेल कसने पूरी कोशिश की जा रही है। जिससे रोजाना जिले के सभी थाना चौकियों में कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा व कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने आज सुबह अपनी पूरी टीम के साथ कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के जुराली के गदेली पारा व पुछापारा में सघन कार्यवाही करते हुए 121 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। कटघोरा पुलिस की पुछापारा में की गई कार्यवाही में एक व्यक्ति संजय सारथी पिता दुकालू सारथी उम्र 32 शराब परिवहन करते हुए भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की तत्परता से व्यक्ति को धर दबोचा गया। कटघोरा पुलिस ने जुराली के गदेली पारा में कार्यवाही करते हुए 121 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 3 आरोपी जिसमें चंद्रपाल सिंह पिता सुमेर सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी जुराली, इंद्रपाल सिंह पिता सुमेर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी गदेली पारा जुराली, देव कुमार पिता प्रेम सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी गदेली पारा जुराली के हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर,आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उक्त कार्यवाही में कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी व उनकी टीम उप निरीक्षक शिवकुमार कोसरिया, सहायक उपनिरीक्षक राम पांडेय, प्रधान आरक्षक, निलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गोपाल यादव, आरक्षक रमेश कश्यप, महिला आरक्षक रामेश्वरी कंवर, आरक्षक पुष्पेंद्र कुर्रे, आरक्षक अजय खुटले व पुलिस कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## झारखण्ड के हजारीबाग में कल होगा मेगा इवेंट

-संवाददाता-
जशपुरनगर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को पीएम जनमन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बगीचा विकासखण्ड के ग्राम कुटमा निवासी मनकुंवारी बाई को झारखण्ड के हजारीबाग में 02 अक्टूबर 2024 को होने वाले पीएम-जनमन के मेगा इभेंट आमंत्रित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनकुंवारी से वार्तालाप करेगें। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के दिशा-निर्देश और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार के मनकुंवारी बाई कृषि कार्य के साथ ही अन्य गतिविधियों में जुड़कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि मनकुंवारी कृषि कार्य के साथ-साथ बत्तख पालन, तेंदुपत्ता, महुआ, चिरौंजी एवं साल बीज संग्रहण कर बिक्री का कार्य कर रही हैं एवं वर्तमान में प्रतिवर्ष 2 लाख 70 हजार की आय अर्जित कर लखपति दीदी बन गई है। मुनकंवारी बाई आज जशपुर से झारखण्ड हजारीबाग के लिए रवाना हो गई है।

## विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के बारे में दी गई जानकारी




-संवाददाता-
सूरजपुर,30 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशन में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' अंतर्गत जनपद पंचायत प्रतापपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगरा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वच्छाग्रही दीदियों का शारीरिक जांच एवं ब्लड, शुगर, बीपी टेस्ट किया गया, इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी जांच और स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया, स्वास्थ्य शिविर में 74 लोगों का जांच कराया गया। साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया तथा गंदगी दूर करने के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता शपथ कराया गया।

एसडीएम प्रतापपुर सुश्री ललित भगत द्वारा सचिवों के मध्य संवाद आयोजित किया गया, संवाद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण और संचालन हेतु निर्देश दिया गया। स्वच्छता अभियान अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा आईएचएचएल सत्यापन हितग्राहियों के घर जाकर उनको व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए अवगत कराया गया। शौच के लिए घर से बाहर या जंगल में न जाने हेतु प्रेरित किया गया। हितग्राहियों द्वारा हाथी प्रभावित गांव होने से तत्काल शौचालय निर्माण कर रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत प्रेमनगर के सभाकक्ष में स्वच्छता अभियान अंतर्गत सरपंच सचिवों के मध्य संवाद आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता के बारे में संदेश दिया गया एवं शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत कार्यालय भैयाथान में जनप्रतिनिधियों/अधिकारी कर्मचारियों तथा ग्रामीण स्वच्छता ग्राही दीदियों के साथ स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलामांजन में आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं मिशन लाइफ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण कर बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।




**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0..../ब-121/2023-24

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला दण्डाधिकारी सरगुजा,अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने कार्यालयीन पत्र क्रमांक-14/लायसेंस शाखा/2024 अम्बिकापुर दिनांक 19/09/2024 के द्वारा उप प्रबंधक,हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के पत्र क्रमांक /HPCL/RDSRO/2024-25/LOI दिनांक 14/08/2024 के परिपेक्ष्य में आवेदक जवाहर लाल गुप्ता निवासी ग्राम परसा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) को ग्राम परसा तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक-1729/2/1 रकबा 0.526 हे0 के भाग पर उपभोक्ता पम्प स्थापित किए जाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय किए जाने हेतु स्थल निरीक्षण कर स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन 15 दिवस के अंदर चाहा गया है। विक्रय अधिकारी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अनुमोदित नक्शा (ब्लू प्रिंट) एवं खसरा/बी-1 तथा अन्य सुसंगत दस्तावेजों की प्रति संलग्न है जो जांच व प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/10/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर**
**तहसील रामानुजनगर**
**जिला सूरजपुर,छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब 121/ 2021-22-2024

ईश्तहार

ग्राम कल्याणपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हिरामनी आ0 लाल साय जाति पनिका निवासी ग्राम कल्याणपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदिका अपने माता स्व0 इन्जोरिया का विलम्ब मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन एवं पेश किया गया है मृत्यु दिनांक 10/07/1995 ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से दिनांक 25/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(सील) — नायब तहसीलदार, देवनगर,सूरजपुर

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर**
**तहसील रामानुजनगर**
**जिला सूरजपुर,छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब 121/ 2021-22-2024

ईश्तहार

ग्राम कमलपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किसुन सिंह आ0 बैजनाथ सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम कमलपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदक अपने पत्नि लिलावती सिंह की विलम्ब मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन एवं पेश किया गया है मृत्यु दिनांक 14/11/2020 ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से दिनांक 14/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(सील) — नायब तहसीलदार, देवनगर,सूरजपुर

## संक्षिप्त खेल की खबरें





### रोहित शर्मा बनें आरसीबी के कप्तान...

#### पूर्व भारतीय क्रिकेटर के बयान ने मचाया तहलका

**नईदिल्ली,30 सितंबर 2024 ।** आईपीएल 2024 में जब से मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाया, तभी से खबरें आ रही हैं कि रोहित शर्मा मुंबई से अलग हो सकते हैं। अब मेगा ऑक्शन से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ के एक बयान ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, जिसमें उन्होंने रोहित को आरसीबी की कमान संभालने की बात कही है। आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होने वाला है। जाहिर तौर पर कई टीमों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे और कई टीमें तो अपने कप्तान भी बदलेंगी। हिटमैन को लेकर पिछले काफी वक्त से खबरें आ रही हैं कि वह अपकमिंग सीजन में आरसीबी की कप्तानी छोड़ सकते हैं। इस बीच मोहम्मद कैफ ने कहा है कि रोहित को आरसीबी का कप्तान बनना चाहिए।

### दुर्भाग्यपूर्ण है हम पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाजी में मेडल नहीं जीत सके:मैरी कॉम

**नई दिल्ली, 30 सितंबर 2024 ।** छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताई।



उन्होंने कहा कि एक पदक विजेता होने के नाते, यह स्वाभाविक है कि उन्हें बुरा लगा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह मुक्केबाजों की टीम भेजी थी, जिसमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं। इसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन भी थीं।

# भारत ने 9 विकेट खोकर 285 रन पर डिक्लेयर की

### यशस्वी-राहुल का अर्धशतक शाकिब और मिराज को 4-4 विकेट

**कानपुर,30 सितंबर 2024 ।** भारत ने कानपुर टेस्ट में अपनी पहली पारी 285 रन के स्कोर पर डिक्लेयर कर दी। भारत को 52 रन की बढ़त मिली है। बांग्लादेश पहली पारी में 233 रन बनाकर सिमट गया था।

भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल (72) और केएल राहुल (68) ने अर्धशतक लगाया। विराट कोहली 47 रन बनाकर शाकिब अल हसन की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने इंटरनेशनल करियर में 27 हजार रन भी पूरे कर लिए। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने 4 और मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट लिए। हसन महमूद को 1 विकेट मिला।

भारत की ओर से तीन अर्धशतकीय साझेदारी हुई। पहले विकेट के लिए रोहित और यशस्वी ने 55 रन जोड़े। यशस्वी और शुभमन के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 रन की पार्टनरशिप हुई। कोहली और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन जोड़े।




#### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :-** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह।

**बांग्लादेश :-** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, हसन महमूद और खालिद अहमद।

## एशिया के शनशाह बने रवींद्र जडेजा,74 वें टेस्ट में पूरा लगाया अनोखा तिहरा शतक




बांग्लादेश के साथ कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट मैच में भारतीय स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने अपने 74वें टेस्ट मैच में एक विकेट लेते ही अपने 300 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ जड्डू टेस्ट में क्रिकेट में 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले एशिया के पहले ऑलराउंडर बन गए हैं। कानपुर टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के बल्लेबाज खालिद अहमद को आउट करते हुए अपना 300वां टेस्ट विकेट पूरा कर लिया. जड्डू अब कपिल देव और रविचंद्रन अश्विन के बाद टेस्ट में 3000 रन और 300 विकेट की दोहरी उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। जडेजा एलीट डबल हासिल करने वाले सबसे तेज एशियाई और ऑलओवर दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी भी बन गए। इस सूची में जडेजा इंग्लैंड के दिग्गज इयान बॉथम से पीछे हैं. जडेजा के 300 वें टेस्ट विकेट का मतलब यह है कि वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले 7वें भारतीय गेंदबाज भी बन गए।

रवींद्र जडेजा भारतीय टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में लगातार टीम के लिए रन बनाने के साथ-साथ विकेट भी चटकाए हैं।

## पहले वॉर्मअप मैच में वर्ल्ड चैंपियन को हराया

**नई दिल्ली,30 सितंबर 2024 ।** महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन इस बार यूएई में किया जा रहा है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले वॉर्मअप मैचों की शुरूआत हो गई है। जहां भारतीय महिला टीम ने अपना पहला वॉर्मअप मैच खेल लिया है। इस मुकाबले में टीम इंडिया ने वर्ल्ड चैंपियन टीम वेस्टइंडीज को 20 रनों से हरा दिया है। टीम इंडिया ने यह मैच 20 रनों से अपने नाम किया। भारत की जीत में जेमिमा रोड्रिग्स और पूजा वस्त्राकर का रोल काफी अहम रहा है। एक ओर जहां जेमिमा रोड्रिग्स ने अपने बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया, वहीं पूजा वस्त्राकर ने गेंदबाजी में अपना दम दिखाया।



#### कैसा रहा मैच का हाल

वर्ल्ड कप में खेले गए इस मुकाबले के दौरान वेस्टइंडीज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 141 रन बनाए। मैच में टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने सिर्फ 23 रन के स्कोर पर अपने तीन अहम विकेट खो दिए। यह तीन विकेट शैफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर के थे। यहां से जेमिमा रोड्रिग्स ने यस्तिका भाटिया से साथ मिलकर पारी को संभाला। इस दौरान जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 गेंदों पर 52 रनों की पारी खेली। वहीं यस्तिका भाटिया ने 25 गेंदों पर 24 रन बनाए। यस्तिका भाटिया की पारी भले ही काफी धीमी थी, लेकिन इस स्थिति में टीम इंडिया को एक साझेदारी की जरूरत थी। जो उन्होंने जेमिमा के साथ मिलकर किया। वेस्टइंडीज की तरफ से हेले मैथ्यूज सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने इस मैच में चार विकेट झटके हैं। हेले मैथ्यूज ने इस मैच के चार ओवर में सिर्फ 17 रन दिए।

#### दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों का कहर

वेस्टइंडीज की महिला टीम के सामने 142 रनों का टारगेट कुछ खास बड़ा नहीं था, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के कमाल के आगे उनसे यह टारगेट चेज नहीं हो सका। उन्होंने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन बनाए और टीम इंडिया ने इस मैच को 20 रन से अपने नाम कर लिया। भारत की ओर से पूजा वस्त्राकर ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके अलावा दीप्ति शर्मा ने भी कमाल की गेंदबाजी की जहां उन्होंने 3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट झटके। वेस्टइंडीज की ओर से चिनेल हेनरी ने 48 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली। वह नॉटआउट रही फिर भी अपनी टीम को मैच में जीत नहीं दिला सकी।

## विराट कोहली ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का एक और कीर्तिमान

**कानपुर,30 सितंबर 2024 ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली लगातार नए नए कीर्तिमान बनाते जा रहे हैं। खास तौर पर सचिन तेंदुलकर के तो वे एक एक रिकॉर्ड को तोड़ने में लगे हैं। अब कानपुर के ग्रीन पार्क में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे मैच में कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 27 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वैसे तो भारत के सचिन तेंदुलकर ने सबसे पहले ये मुकाम छुआ था, लेकिन विराट कोहली अब उनसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने सबसे तेज इस लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सचिन तेंदुलकर से बहुत कम पारियों में ये कारनामा किया है।



#### सचिन तेंदुलकर से काफी आगे

सचिन तेंदुलकर ने सबसे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 27 हजार रन पूरे किए थे। लेकिन उन्हें यहां तक पहुंचने में 623 पारियां लगी थीं। अब अगर कोहली की बात करें तो उन्होंने अपने 27 हजार रन केवल 594 पारियों में ही पूरे कर लिए हैं। यानी सचिन तेंदुलकर से पूरी 29 पारियां पहले। अब तक दुनिया के केवल तीन ही बल्लेबाज थे, जो इतने रन बना सके थे, अब कोहली की इस क्लब में चौथे बल्लेबाज के रूप में एंट्री हुई है।

## आयरलैंड ने टी 20 क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को पहली बार हराकर रचा इतिहास

**अबू धाबी,30 सितंबर 2024।** आयरलैंड क्रिकेट टीम ने शेख जायेद क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। इस जीत में अडायर बंधुओं ने अहम भूमिका निभाई। रॉस और मार्क के इस प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने प्रोटियाज को 10 रनों से हरा दिया। यह आयरलैंड की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली टी20 जीत थी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरी जीत है।दो मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए, आयरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना सबसे बड़ा टी20 स्कोर भी बनाया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। जिसके जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए।



इस पारी में रॉस अडायर आयरलैंड के सितारे रहे, जिन्होंने सिर्फ 57 गेंदों में अपना पहला टी20 शतक जड़ा। उनकी धमाकेदार पारी में 9 शानदार छक्के शामिल थे, और कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने भी 31 गेंदों पर 52 रन की अहम पारी खेलते हुए उनके साथ 137 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

हालांकि आखिरी के ओवरों में आयरलैंड की टीम 43 रनों के अंदर 6 विकेट गंवा बैठी, फिर भी उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को 196 रनों का कठिन लक्ष्य दिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की, जहां रीजा हेंड्रिक्स ने लगातार दूसरा अर्धशतक (51 रन) बनाया और मैथ्यू ब्रीट्जके ने भी 51 रन जोड़े। ओपनर रयान रिकेल्टन ने 22 गेंदों पर 36 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका रन रेट के हिसाब से पीछे रह गई।मार्क अडायर की 19वें ओवर की गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर वियान मुल्डर और ब्रीट्जके का विकेट लिया और फिर बाद में एन. पीटर को भी आउट किया। अडायर ने 4-31 के शानदार आंकड़े दर्ज किए और अपनी टीम के लिए अहम योगदान दिया। आखिरी ओवर में ग्राहम ह्यूम ने भी कसी हुई गेंदबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ 7 रन दिए और एक विकेट लिया। उन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 185-9 पर ही रुक गई।

### काव्या मारन की एसआरएच इन खिलाड़ियों को कर सकती है रिटेन



**नई दिल्ली, 30 सितंबर 2024 ।** आईपीएल का खुमार एक बार फिर से चढ़ना शुरू हो गया है। अभी अगले सीजन में वक्त है, लेकिन बीसीसीआई ने जो रिटेंशन रूल्स जारी किए हैं, उसके बाद फैंस और टीमों के बीच गहमा गहमी बढ़ रही है। इस बार के आईपीएल के पहले टीमें अधिक से अधिक 5 खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं। इससे जहां कुछ फ्रेंचाइजियों की बांछे खिली हुई हैं, वहीं कुछ की टेंशन बढ़ गई है।

## ऑस्ट्रेलिया ने ओडीआई क्रिकेट के इतिहास में पहली बार स्पिनर्स से करवाए इतने ओवर

**मेलबर्न,30 सितंबर 2024।** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों की सीरीज की 3-2 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां मुकाबला डकवर्थ लुईस नियम से 49 रनों से जीता। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ संभाल रहे थे। उनकी कप्तानी में टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को जीतने के लिए 310 रनों का टारगेट दिया।

#### बेन डकेट ने लगाया शतक

इंग्लैंड के ओपनर फिल साल्ट और बेन डकेट ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। इन दोनों ही प्लेयर्स ने मैदान के हर तरफ स्ट्रोक लगाए। साल्ट 45 रन बनाकर आउट हो गए। जबकि डकेट ने बेहतरीन शतक लगाया और उनकी वजह से ही इंग्लैंड की टीम बड़े स्कोर तक पहुंच पाई। उन्होंने 91 गेंदों में 107 रन बनाए। वहीं कप्तान हैरी ब्रूक ने 72 रनों की पारी खेली। लेकिन इन प्लेयर्स के आउट होते ही इंग्लैंड के रन गति पर अंकुश लग गया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मास्टस्ट्रोक चलते हुए स्पिनर्स से खूब ओवर करवाए और स्पिनर्स को खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



#### ऑस्ट्रेलिया ने स्पिनर्स से करवाए 32.2 ओवर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से 32.2 ओवर करवा दिए। किसी वनडे मैच में इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने स्पिनर्स से इतने ओवर नहीं करवाए थे। इससे पहले साल 2019 में वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ स्पिनर्स से 32 ओवर करवाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जाम्पा ने 10 ओवर, ग्लेन मैक्सवेल ने 10 ओवर, कूपर कोनोली ने 4 ओवर, मैथ्यू शॉर्ट ने 2 ओवर और ट्रेविस हेड ने 6.2 ओवर फेंके। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोस हेजलवुड ने 6-6 ओवर फेंके। आरोन हार्डी ने 5 ओवर किए।

#### मैथ्यू शॉर्ट ने लगाया अर्धशतक

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड और मैथ्यू शॉर्ट ने शानदार शुरुआत दिलाई। शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 58 रनों की पारी खेली। इसके अलावा ट्रेविस हेड ने 31 रनों का योगदान दिया। स्टीव स्मिथ 36 रन और जोस इंग्लिश 28 रन बनाकर नॉटआउट रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 165 रन बना लिए थे। फिर बारिश की वजह से खेल नहीं हो पाया और डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल कर ली।

## दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजे जाएंगे मिथुन चक्रवर्ती



मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया है। एक्स पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया दिग्गज अभिनेता को उनकी उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा और भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। 74 साल के मिथुन चक्रवर्ती का हिंदी सिनेमा में 48 साल का सफल करियर है। वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा, मिथुन दा की उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा पीढ़ियों को प्रेरित करती है! यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके प्रतिष्ठित योगदान के लिए पुरस्कार देने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी बताया कि मिथुन चक्रवर्ती को यह पुरस्कार 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा, जो 8 अक्टूबर, 2024 को होने वाला है।

#### पद्म भूषण से भी किया गया था सम्मानित

कोलकाता की गलियों से निकलकर बॉलीवुड के डिस्को डांसर बनने का सफर मिथुन के लिए जरा भी आसान नहीं रहा। सिनेमा की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया। मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिलने की खबर उनके पद्म भूषण से सम्मानित होने के कुछ ही महीनों बाद आई है। यह समारोह अप्रैल में हुआ था और अभिनेता को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सम्मान स्वीकार करते हुए देखा गया था।

#### कैसी की फिल्मों में शुरुआत

मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 में एक छोटे रोल से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की। ये फिल्म थी दो अनजाने, फिर लीड के रूप में उन्हें 1977 में स्वीकारिता मिली। पहली ही फिल्म मृगया के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। पहली ही फिल्म के नेशन अवॉर्ड हासिल करने वाले कुछ ही सितारों में उनका नाम हमेशा के लिए दर्ज हो गया। 1982 में उनकी फिल्म डिस्को डांसर रिलीज हुई, जिसके बाद वो चर्चा में आ गए। इस फिल्म ने एशिया, सोवियत संघ, पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व, तुर्की और अफ्रीका में शानदार कारोबार किया।

#### इन फिल्मों से छाए मिथुन

अगर हालिया दिनों की बात करें तो वो ओह माय गॉड जैसी फिल्मों में दिखाई दिए। इसके अलावा उनके सफल करियर में अग्निपथ, मुझे इन्साफ चाहिए, हम से है जमाना, पसंद अपनी अपनी, घर एक मंदिर और कसम पैदा करने वाले की सहित कई अन्य शामिल हैं।


## 43 की उम्र में नहीं थम रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस

#### स्टनिंग फोटोशूट से बढ़ाया इंटरनेट का पारा



टीवी की हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका मदमस्त अंदाज देखकर फैंस उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपनी खूबसूरती और ग्लैमर अंदाज से फैंस का दिल चुराना अच्छे से जानती हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस जब भी अपना लेटेस्ट लुक फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी शोख अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। वहीं, उनके इस लुक को देखकर फैंस खुद को लाइक्स और कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पा रहे हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने ऑरेंज कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए इंटरनेट का पारा गर्म कर रही हैं।बालों को वेवी स्टाइल लुक में कर्ल कर के, कानों में इयररिंग्स, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। उनका ये कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस 43 साल की हो गई हैं। उनके देखकर अब भी कोई यह अंदाजा नहीं लगा पाएगा की वह दो बच्चों की मां हैं। श्वेता तिवारी ने खुद को काफी फिट कर के रखा हुआ है। इसलिए बढ़ती हुई उम्र में भी वो और ज्यादा खूबसूरत लगती है।

## किराए के घर में रहने को मजबूर महाभारत के द्रोणाचार्य



देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर निकलकर आ रही है । यहां पर एक बेहद बड़ी रकम की धोखाघड़ी सहित 480 लोगों से रकम लेकर भी उन्हें 14 साल से मकान के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया गया है लेकिन उन्हें अपने सपनों का घर नहीं मिल पाया है। दरअसल मुम्बई के मीरा रोड स्थित आरएनए कॉर्प बिल्डर के प्रोजेक्ट में सन 2010 में ही टेलीविजन की दुनिया के मशहूर एक्टर सुरेंद्र पाल सिंह, फिल्म निर्देशक विनोद तिवारी सहित दिन रात काम करके एक एक पैसा इकट्ठा कर 480 लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई लगाकर फ्लैट/रूम लेने का सपना संजोया था। लगभग 90 प्रतिशत पेमेंट कर देने के बाद भी अभी 14 साल बाद तक पजेशन नहीं मिल पाया बल्कि इस प्रोजेक्ट पर तो देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 2021 में ब्रेक भी लगा दिया और तब से ही इन 480 होम बायर्स का सपना और सपनों का घर अधर में लटक गया है।

इनमें से कई लोगों ने बैंक से लोन लेकर इस बिल्डिंग में घर खरीदने का सपना पाला था लेकिन वो अब या तो इस दुनिया मे ही नहीं रहे या फिर अभी भी अपने रिटायरमेंट की रकम से या फिर सैलरी से बैंक का लोन और अपने किराए के मकान का किराया भर कर आहें भर रहे हैं। इतने बड़े रकम के गवां देने के बाद और नाउम्मीदी में लंबे समय तक रहने की ऐसी दुखद स्थिति में कुछ लोगों का मानसिक संतुलन तक गड़बड़ा गया है। अब उन लोगों को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से ही उम्मीद है।

# प्रयास विद्यालयों की बदहाली पर छात्र हुए आक्रोश

» परेशान छात्र निकल पड़े विधानसभा भवन का घेराव करने...

» कई दिनों से नहीं हो रही पढ़ाई...

» आवासीय विद्यालय में सुविधाओं का है अभाव, शिकायत करने पर मिलती है धमकी...

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। राजधानी के सड्डू में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में पिछले कई दिनों से पढ़ाई नहीं होने और व्याप्त समस्याओं से गुस्साए छात्रों ने रैली निकाल कर शासन से कार्यवाही की मांग की।

### सैकड़ों छात्रों ने एक साथ निकाली रैली

शासन के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय में लगभग 700 बच्चे अध्ययनरत हैं। इनमे से करीब पांच सौ से अधिक बच्चे आज स्कूल लगने से पहले ही विरोध पर उतर गए। हाथों में बैनर पोस्टर लिए ये बच्चे विधानसभा की ओर जाने वाले मार्ग पर निकल पड़े ।

छात्रों ने बताया कि विद्यालय में करीब डेढ़ माह से पढ़ाई बाधित है। दरअसल प्रयास विद्यालयों का प्रबंधन आदिवासी विकास विभाग के अधीन है, वहीं यहां शिक्षक उपलब्ध करने का जिम्मा निजी संस्थाओं को दिया गया है। सड्डू स्थित विद्यालय में चौखंभ इंस्टिट्यूट को टीचर्स मुहैया करने का जिम्मा दिया गया है। मगर छात्रों का कहना है कि संस्था ने अच्छे शिक्षकों को काम से हटा दिया है। वही दूसरे कई शिक्षक भी पढ़ाने नहीं आ रहे हैं। आने वाले दिन त्यौहारी अवकाश के होने जा रहे हैं। खासकर 10-12 वीं बोर्ड कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

आज सुबह जब शिक्षक अपनी कारों में स्कूल पहुंचे तब तक बच्चे रैली निकाल सड़क पर आ चुके थे। यह देखते ही कुछ कार सवार शिक्षक इन्हें रोकने और वापस स्कूल चलने के लिए दौड़े। मगर बच्चे इनसे बचते हुए आगे बढ़ते रहे। बच्चों के इसे स्वस्फूर्त प्रदर्शन ने स्कूल शिक्षा सचिव, डीपीआई, डीईओ की` नाक के नीचे राजधानी में चल रहे प्रयास आवासीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। छात्रों को किसी तरह विधानसभा भवन में प्रवेश करने से रोका गया।




### स्टडी मटेरियल भी नहीं मिलता

प्रयास विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारियों के लिये क्लास चौखंभ इंस्टीट्यूट द्वारा चलाया जाता है। बच्चों ने जेईई की तैयारी के लिए प्रयास विद्यालय में एडमिशन लिया था, लेकिन छात्रों को न तो किताबें, परीक्षा की तैयारी के लिए मटेरियल न ही सही पढ़ाई कराई जाती है। जिससे पिछले कुछ सालों में प्रयास से जेईई क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम हुई है। स्कूल में स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर्स महज दिखावे के लिए लगाए गए हैं। इनमें से अधिकांश काम नहीं करते। सैकड़ों छात्रों के लिए हॉस्टल में 12 बाथरूम और टॉयलेट्स का निर्माण हुआ है लेकिन इनमें से सिर्फ तीन ही उपयोग करने लायक हैं। टूटे नल, सीवरेज सिस्टम, बारिश में पानी टपकने, टूटे दरवाजे और लाइट्स से संबंधित कई समस्या हैं। जिनकी शिकायत छात्रों ने दर्जनों आवेदन में किया है. हॉस्टल में डॉक्टर भी ऐसा उपलब्ध कराया गया है जो सही से स्वास्थ्य की जांच नहीं करते और हर समस्या पर पैरासिटमोल देकर भेज देते हैं। बच्चों ने कहा यदि कोई छात्र की तबीयत गंभीर हो जाये तो ऐसे समय में सही इलाज मिलना भी मुश्किल है।

### प्राचार्य और प्रशासकीय अधिकारी पर लगाए आरोप

इन छात्रों ने सड्डू रायपुर के प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासकीय अधिकारी मंजुला तिवारी और प्रिंसिपल प्रमिला शुक्ला पर डराने-धमकाने और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए। छात्रों ने स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि जब अपनी समस्याओं के साथ पहुंचते हैं तो लिखित में शिकायत मांगी जाती है। जब लिखित में शिकायत की जाती है तब उन आवेदनों को किनारे कर दिया जाता है। इसे लेकर प्रयास के विद्यार्थियों द्वारा प्रिंसिपल ऑफिस का घेराव भी किया जा चुका है। लेकिन शिकायत करने पर अधिकारी बच्चों को ट्रांसफर करने की धमकी देतेहैं।
छात्रों ने ये भी आरोप लगाया कि साल में दो-तीन बार निरीक्षण पर आए अधिकारियों को बाहर से ही चाय पिलाकर भेज दिया जाता है, जिससे स्कूल और हॉस्टल की स्थिति ही अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती है।

### छात्रों ने सहायक आयुक्त से किया जवाब-तलब

छात्रों द्वारा प्रदर्शन की सूचना पर यहां पहुंचे आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर खुद छात्रों के सवालों के घेरे में आ गए। दरअसल, निरीक्षण करने वाले अधिकारियों में से विजय सिंह कंवर भी शामिल थे, जिनसे छात्रों ने सवाल पूछा कि हमारी समस्या जानने आप हमसे न मिलकर अधिकारियों के साथ चाय पी कर ही चले जाते हैं और हमसे मिलने की कोशिश भी नहीं करते। बच्चों ने पूछा कि बिना हमसे फीडबैक लिए हॉस्टल और स्कूल की स्थिति कैसे जान पाते हैं। इस पर अधिकारी कंवर ने छुट्टी के बाद निरीक्षण पर आने की बात कही और बच्चों से अब उनकी सारी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन देने लगे।

### छात्रों ने रखी ये मांगें...

छात्रों ने आदिम जाति विकास विभाग के सचिव के नाम अपनी समस्याओं और मांग के लिए ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें छात्रों ने इन विषयों की अपनी मांग रखीः-

- ❖स्कूल के प्रशासकीय अधिकारी और प्रिंसिपल को तत्काल हटाया जाय
- ❖स्कूल में संचालित चौखंभ इंस्टीट्यूट के री-टेंडर को रोका जाये
- ❖स्कूल की व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाये
- ❖स्कूल में एक्सपेरिएंस्ड डॉक्टर को तत्काल नियुक्त किया जाए
- ❖ लैब्स, लाइब्रेरी और अन्य स्टडी मटेरियल आवश्यकता अनुरूप सही समय पर उपलब्ध हों
- ❖मैथ्स के निकाले गए टीचर को तत्काल वापस लाया जाये

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें



### सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए

**703 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित**

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर कुल 703 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया है। सीजीपीएससी 2023 की मुख्य परीक्षा में कुल 3597 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2023 के लिए आयोजित साक्षात्कार की तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। यह परीक्षा विभिन्न 17 सेवाओं के लिए कुल 242 पदों की भर्ती के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा का आयोजन 24, 25, 26 और 27 जून 2024 को किया गया था।

### वंदे भारत एक्सप्रेस में बदमाशों ने फिर किया पथराव





» विशाखापट्टनम से दुर्ग आ रही थी ट्रेन

» खरियाररोड स्टेशन के आउटर पर हुआ पथराव

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस में बदमाशों ने फिर पथराव किया है. 15 दिन में यह दूसरी घटना है. जानकारी के मुताबिक, 28 सितंबर की रात वंदे भारत ट्रेन विशाखापट्नम से दुर्ग लौट रही थी। रात करीब 9 बजे जब ट्रेन खरियार रोड स्टेशन के आउटर में पहुंची तो कुछ युवकों ने पथराव किया। इसकी वजह से ट्रेन के एक्जीक्यूटिव क्लास के ई-2 के सीट नंबर 33-34 की खिड़की टूटकर चकना चूर हो गई। इस मामले में आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज किया है। ट्रेन में पथराव के बाद यात्री आक्रोशित हो गए। कोच में अधिक यात्री सवार नहीं थे इस कारण किसी को चोट नहीं आई।

### देहव्यापार कराने के आरोप में दो महिला गिरफ्तार



रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। तेलीबांधा थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करवाने के मामले में दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों महिलाओं पर नाबालिग बच्ची से देह व्यापार करवाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि, बच्ची मानसिक रूप से कमजोर है और महिलाएं नाबालिग को अलग-अलग जगह ले जाकर उससे देह व्यापार करवाती थी। इस पूरे मामले का खुलासा भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के सदस्यों की जागरूकता से हुआ है।

# शिक्षा विभाग में हुआ बड़े फर्जीवाड़े का भांडाफोड़

## फर्जी दस्तावेजों से बीईओ का पद हासिल

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। डीपीआई का फर्जी लेटर के सहारे बीईओ को ज्वाइनिंग दे दिये जाने के बाद हड़कंप मच गया है। बीईओ पद से सस्पेंड हुए व्याख्याता दयाल सिंह ने एक साल पुराने पत्र के आधार पर ज्वाइनिंग ले ली। आरोप है कि बीईओ दयाल सिंह फर्जी लेटर लेकर डीईओ कार्यालय पहुंचा और बताया कि सरकार ने उन्हें बीईओ के पद पर ज्वाइनिंग का निर्देश दिया है। इधर, डीईओ ने भी बिना जांचे ही बीईओ को ज्वाइनिंग का आदेश दे दिया।

लेकिन बाद में जब लेटर की सच्चाई सामने आयी, तो डीईओ के तोते उड़ गये। आनन फानन मे ज्वानिंग को निरस्त किया गया, वहीं मामले में कार्रवाई की बात कही जा रही है।पूरा मामला कवर्धा के बोड़ला बीईओ से जुड़ा है। दुर्व्यवहार सहित अन्य आरोप के मामले में बीईओ दयाल सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। 15 जून को निलंबित बीईओ ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जहां से उन्हें राहत मिल गयी।हालांकि बीईओ को सस्पेंशन से सरकार ने बहाल तो कर दिया, लेकिन बीईओ नहीं बनाया। ऐसे में दयाल सिंह ने फर्जीवाड़ा की साजिश रजी और बीईओ बनाने के पुराने आदेश के आधार पर ज्वाइनिंग कर दिया। आपको याद होगा कि पिछले दिनों ही राज्य सरकार ने खुद ही हाईकोर्ट में कहा था कि व्याख्याता को बीईओ बनने की पात्रता नहीं है।



## पत्रकारों की महासभा 2 अक्टूबर को



रायपुर,30 सितम्बर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रदेश के 30 से अधिक पत्रकार,मीडिया कर्मियों के संगठन एक मंच पर आएंगे और पत्रकारों के हित में एकजुटता का परिचय देंगे। यह ऐतिहासिक पत्रकार महासभा 2 अक्टूबर 2024 को रायपुर के गॉस मेमोरियल ग्राउंड,आकाशवाणी चौक में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों पत्रकारों के आने की सूचना मिल रही है। पत्रकारों की एकजुटता तथा देश में निर्भीक पत्रकारिता के लिए वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में पहली बार लगभग सभी पत्रकार संगठन पत्रकार हितों के लिए एक मंच पर आ कर संकल्प लेंगे। इस महासभा का एक उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का हित संवर्धन तथा पत्रकारिता के भविष्य को बेहतर बनाना भी है। यह आयोजन पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम मील का पत्थर साबित होगा ।



### छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से होगी धान की खरीदी

**3100 रुपये प्रति क्विंटल दर से होगी खरीद**

रायपुर,30 सितम्बर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी को लेकर अहम फैसला लिया है। राज्य में 15 नवंबर 2024 से धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हो सकती है। मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक के बाद मंत्री दयाल दास बघेल ने यह जानकारी दी। घोषणा पत्र के अनुसार सरकार इस साल 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी, और प्रति किसान अधिकतम 21 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी। इस साल सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

## अतिक्रमणकारी ने खुद पर डाला मिट्टी तेल,मचा बवाल

» अवैध कब्जा हटाने जेसीबी लेकर पहुंची थी राजस्व विभाग की टीम



बेमेतरा,30 सितम्बर 2024(ए)। जिले में अतिक्रमण तोड़ने गई राजस्व पुलिस की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारी और कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे, लेकिन स्थानीय अतिक्रमणधारी ने उनके विरोध में अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल लिया. इस घटना के बाद पुलिस की टीम ने तुरंत युवक को पकड़कर थाने भेज दिया. यह मामला कोपेडबरी पंचायत के आश्रित ग्राम कुर्दा का है। जब राजस्व विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो अतिक्रमणधारी के परिवार की महिलाओं ने घर तोड़ने से मना करते हुए दरवाजे में खड़े होकर अधिकारियों का विरोध किया. महिलाएं घर की सुरक्षा के लिए अडिग रहीं और अधिकारियों के आगे खड़ी हो गईं, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा है कि लोगों ने बिजली ऑफिस की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से घर बनाया है। वहीं लम्बे समय से बिजली विभाग द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की जा रही थी, जिसपर अब कार्रवाई की गई।



# छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में फर्जी ओआईसी विवाद

» महाधिवक्ता ने चीफ सेक्रेटरी से की कार्रवाई की मांग

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी (प्रभारी अधिकारी) बनाकर भेजा। इस घटना पर राज्य के महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने नाराजगी जताई है और राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हाई कोर्ट द्वारा राज्य शासन को नोटिस जारी करने के बाद, जल संसाधन विभाग के ओआईसी सुरेश कुमार पांडे को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, सुरेश कुमार पांडे की जगह प्रदीप कुमार वासनिक महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे और खुद को सुरेश पांडे बताकर जवाब दाखिल करने की कोशिश की। जब महाधिवक्ता कार्यालय में दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई, तो प्रदीप वासनिक की धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

### महाधिवक्ता की नाराजगी

महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने इसे न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और धोखाधड़ी करार दिया है। महाधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि इस तरह की धोखाधड़ी से राज्य के मामलों में नुकसान हो सकता है और यह भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय अपराध है।

महाधिवक्ता ने मुख्य सचिव से कहा है कि अब से केवल अधिकृत ओआईसी ही रिटर्न फाइल कराने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय आएंगे। इसके अलावा, अगर किसी और व्यक्ति ने ऐसा करने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रदीप वासनिक और सुरेश कुमार पांडे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

यह मामला तीन याचिकाओं से जुड़ा हुआ है, जिनमें याचिकाकर्ताओं ने जल संसाधन विभाग के खिलाफ राहत की मांग की है।



# दो योजनाओं के बदले गए नाम

» राजीव गांधी से था कनेक्शन...

रायपुर,30 सितम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग की दो योजनाओं के नाम बदले गए हैं। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक राजीव गांधी स्वावलंबन योजना का नाम अब पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना कर दिया गया है।इसी तरह राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना अब पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना के नाम से जानी जाएगी। इन योजनाओं का नाम बदलने का आदेश नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है।

प्रदेश में 2018 में हुए सत्ता परिवतर्न के बाद से योजनाओं के नाम को लेकर सियासत हो रही है। 2018 में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने करीब आधा दर्जन योजनाओं का नाम बदल दिया था, जब बीजेपी सरकार भी योजनाओं का नाम बदल रही है। बीजेपी के नेताओं का कहना है कि उन्हीं योजनाओं का नाम बदला जा रहा है जिनका नाम कांग्रेस सरकार ने बदला था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)